

दैनिक

# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 93 | रायपुर, शनिवार, 12 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ₹ 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 प्रदेश में वन आधारित ...

कुछ काम घर चलाने... 6


## छग से गुजरने वाली 36 ट्रेनें रद्द




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

भीषण गर्मी में रेल यात्रियों की परेशानियों में एक बार फिर इजाफा हो गया है। छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाले मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग की 35 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इससे महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार की यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

इसके अलावा कुछ ट्रेनों के मार्ग में भी बदलाव किया गया है। दरअसल, कोतरलिया यार्ड में चौथी रेलवे लाइन के निर्माण कार्य के चलते 11 अप्रैल से 24 अप्रैल तक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा, जिसकी वजह से यह निर्णय लिया गया है।

यात्रा पर निकलने से पहले रेलवे द्वारा जारी की गई रद्द ट्रेनों की सूची जरूर देख लें, ताकि परेशानी से बचा जा सके।

### रद्द की गई ट्रेनों का विवरण

बिलासपुर-रायगढ़ मेमू 11 से 24 अप्रैल तक.

बिलासपुर-रायगढ़ मेमू 10 से 23 अप्रैल तक.

रायगढ़-बिलासपुर मेमू 10 से 23 अप्रैल तक.

टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस 10 से 23 अप्रैल तक.

बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 11 से 24 अप्रैल तक.

टाटानगर-नेता सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस 11 से 24 अप्रैल तक .

सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - टाटानगर एक्सप्रेस 11 से 24 अप्रैल तक.

संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस 16 और 23 अप्रैल को.

जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस 17 एवं 24 अप्रैल को.

दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 11, 15, 18, 22 और 25 अप्रैल को.

सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 08, 12, 15, 19 और 22 अप्रैल को.

संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस 12 और 19 अप्रैल को बंद रहेगी।

### NIA की पूछताछ में खुलेंगे 26/11 की साजिश के राज

# मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा एनआईए की हिरासत में भेजा गया



एजेंसी, नई दिल्ली

मुंबई हमले का मास्टर माइंड तहव्वुर राणा आखिरकार भारत लाया गया और अब पूछताछ में 26/11 की साजिश को लेकर कई राज अब खुलेंगे। एनआईए ने राणा को रिमांड पर लेने के लिए पटियाला हाईकोर्ट में पेश किया था। इस दौरान कोर्ट ने राणा को 18 दिनों की न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया है। अब नेशनल इवेस्टिगेशन एजेंसी उससे पूछताछ करेगी। आतंकी राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में आतंकवाद रोधी एजेंसी के हेडक्वार्टर के अंदर एक हाई सिक्योरिटी सेल में रखा जाएगा।

### NIA करेगी तहव्वुर राणा से पूछताछ

मुंबई में 26/11 के आतंकी तहव्वुर राणा को पटियाला हाईकोर्ट के आदेश पर पूछताछ के लिए NIA के सुपर्द कर दिया गया है। यहां 18 दिन टीम उससे पूछताछ करेगी। मुंबई हमले के आरोपी राणा को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया था।

### 26/11 हमलों से जुड़ी जानकारियां जुटाएगी एनआईए

अमेरिका से भारत लाए गए मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा से पूछताछ में कई राज से पर्दाफाश हो जाएगा। मुंबई हमले के पीछे और कौन-कौन जुड़ा है इसे लेकर भी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इस साजिश में पाकिस्तान का हाथ है या नहीं ये भी स्पष्ट तौर पर पता चल जाएगा। 2008 में हुए हमले में 166 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 238 से अधिक लोग घायल हुए थे।

### एनआईए ने मांगी थी कोर्ट से 20 दिन की रिमांड

नेशनल इंवेस्टीगेशन एजेंसी (NIA) ने पटियाला की स्पेशल कोर्ट से आतंकी तहव्वुर राणा से पूछताछ के लिए 20 दिन की रिमांड की पेशकश की थी, लेकिन टीम को 18 दिन की रिमांड मंजूर की है। 18 दिन पूछताछ के बाद एजेंसी को फिर से राणा को कोर्ट में पेश किया जाएगा।



## 'काशी हमार हौ, हम काशी के हौं',

### पीएम मोदी ने 3900 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

एजेंसी, वाराणसी

पीएम मोदी ने वाराणसी में 3900 करोड़ की लागत से बनने वाली 44 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। राजातालाब क्षेत्र के मेंहदीगंज में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर हर महादेव के जयकारे से अपना संबोधन शुरू किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमरे परिवार के हमरे लोगन के हमार प्रणाम। आप सब लोग यहां हमें आपन आशीर्वाद देला। हम ई प्रेम के कर्जदार हौ। काशी हमार हौ, हम काशी के हौ।

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि काशी पूर्वांचल के विकास के रथ को खींच रही है। 10-11 साल पहले पूर्वांचल में स्वास्थ्य सेवाएं खराब थीं। मेरी काशी अब आरोग्य की भी राजधानी बन रही है। दिल्ली-मुंबई के बड़े-बड़े अस्पताल आपके पास आ चुके हैं। अब इलाज के लिए दर-दर भटकने की जरूरत नहीं।

## नहीं रहे बजाज ऑटो के पूर्व चेयरमैन मधुर बजाज



एजेंसी, मुंबई

बजाज ऑटो के गैर-कार्यकारी निदेशक मधुर बजाज का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने 63 साल की उम्र में मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली है। उन्हें कुछ दिन पहले स्वास्थ्य समस्या के कारण साउथ मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में स्ट्रोक पड़ने के बाद भर्ती कराया गया था।

### देश के सबसे अमीर शख्स थे मधुर बजाज

रिपोर्ट के मुताबिक, वह अपने पीछे 35 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति छोड़ गए हैं। फोर्ब्स के अनुसार, मधुर बजाज की कुल संपत्ति लगभग 4.1 बिलियन डॉलर आंकी गई है। वह बजाज परिवार के उन सदस्यों में से एक हैं, जिनके पास बजाज समूह की हिस्सेदारी है। बता दें कि मधुर बजाज ने 24 जनवरी 2024 को स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।



### अयोध्या

## नहाती महिलाओं का वीडियो बनाने वाला अरेस्ट

एजेंसी, अयोध्या

उत्तर प्रदेश में अयोध्या के एक गेस्ट हाउस में महिला की नहाते हुए वीडियो बनाने वाला युवक पकड़ा गया। गेस्ट हाउस में ठहरे लोग पहुंच गए, उन्होंने आरोपी युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया, लोगों ने आरोपी को राम जन्मभूमि थाना पुलिस के हवाले कर दिया है।

पूरा मामला राजा गेस्ट हाउस का है। यह राम मंदिर के गेट नंबर 3 से 50 मीटर की दूरी पर है। शुक्रवार की सुबह साढ़े 6 बजे महिला श्रद्धालु बाथरूम में नहा रही थी, तभी आरोपी की परछाई उसे दिख गई। महिला ने देखा तो युवक वीडियो बना रहा था, यह देखकर महिला घबरा गई और चिल्लाते हुए बाथरूम से निकली। आवाज सुनकर गेस्ट हाउस में ठहरे लोग पहुंच गए। उन्होंने आरोपी युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। लोगों ने आरोपी को राम जन्मभूमि थाना पुलिस के हवाले कर दिया है।

### पीड़ित महिला ने यह बताया

महिला श्रद्धालु ने बताया हम 5 लोग वाराणसी से राम मंदिर दर्शन करने के लिए गुरुवार को अयोध्या आए थे। शाम होने के कारण राम मंदिर के पास ही राजा गेस्ट हाउस में 2 कमरे बुक किए और रात रुक गए। वह सुबह 6 बजे बाथरूम में नहाने गई, बाथरूम के ऊपर टीन शेड था। वह नहा रही थी और अचानक उनकी नजर ऊपर पड़ी तो परछाई दिखाई दी। महिला ने देखा की देखा कोई मोबाइल से वीडियो बना रहा था। इसके बाद वह डर गई, चिल्लाई और कपड़े पहनकर तुरंत बाहर की ओर भागी। गेस्ट हाउस में रुके यात्री भी दौड़े। लोगों ने वीडियो बना रहे युवक को पकड़ लिया उसके बाद पुलिस को सूचना दी।

## मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर प्लांट का किया शुभारंभ

### स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर प्लांट का सीएम विष्णुदेव साय ने भूमिपूजन किया। इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी मौजूद हैं। 1143 करोड़ की लागत से बनने वाला यह प्लांट नवा रायपुर के सेक्टर 5 में यह प्लांट स्थापित होगा। इससे प्रदेश को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के साथ ही युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

प्लांट की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आधारशिला रखी। इसी के साथ छत्तीसगढ़ में उद्योग क्रांति की शुरुआत हो गई है, नया रायपुर में अलग- अलग सेक्टरों के प्लांट स्थापित होंगे। सरकार को 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। पॉलिमैटेक कंपनी ने 10 हजार करोड़ के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है। EV उद्योग आधारित कंपनी होगी।

### छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन : सीएम साय

सीएम साय ने कहा- आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है, प्रदेश के विकास में नया आयाम जुड़ रहा है। सेमीकंडक्टर चिप पीएम का इंट्रेस्टिंग सब्जेक्ट है। राज्य में प्लांट शुरू करने पॉलिमैटेक कंपनी के प्रति आभार, दिल्ली में हुए पहले इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में प्रस्ताव मिला था। बहुत कम समय में प्लांट लगाने की प्रक्रिया पूरी हुई। इस उद्योग के स्थापित होने से रोजगार मिलेगा। कंपनी में नियुक्त हुई राज्य के दो बेटियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। सरकार की ओर से निवेशकों को हर संभव मदद दी जाएगी।

### युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री साय नवा रायपुर के कमर्शियल टावर में पूरी तरह तैयार ऑफिस स्पेस आईटी कंपनियों को आवंटित करेंगे। यह कदम नवा रायपुर को भारत का आईटी हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। आईटी कंपनी के माध्यम से 750 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री इस मौके पर युवाओं को जॉइनिंग लेटर भी सौंपा।

### 130 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

गौरतलब है कि, पॉलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी है, जो छत्तीसगढ़ में 1143 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ा कारखाना स्थापित करेगी। डेढ़ लाख वर्ग फीट में बनने वाला यह प्लांट 2030 तक 10 अरब चिप्स तैयार करेगी, जो टेलीकॉम, 6जी/7जी, लैपटॉप और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में उपयोग होंगे। इस प्लांट में 130 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

### ई-ऑटो पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा की हुई शुरुआत

मुख्यमंत्री साय के हाथों नवा रायपुर में ई-ऑटो पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा की शुरुआत की। यह ई-ऑटो सर्विस महिलाओं के स्व-सहायता समूह के जरिए संचालित होगी। इससे 40 महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी। मुख्यमंत्री साय झरिया अल्कलाइन वाटर बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन भी करेंगे। इससे सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति होगी।

## अब चीन ने यूएस पर 125% टैरिफ लगाया



एजेंसी, नई दिल्ली

अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर बढ़ता जा रहा है। अमेरिका के 145% टैरिफ के जवाब में अब चीन ने 125% टैरिफ लगाया दिया है। ये शनिवार से लागू हो जाएगा। इस बीच अमेरिका के साथ टैरिफ वार पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चीन किसी से डरता नहीं है। पिछले 70 साल में हुआ चीन का विकास कड़ी मेहनत और खुद पर निर्भर रहने का नतीजा है। चीनी राष्ट्रपति ने कहा चीन कभी दूसरों के दान के भरोसे नहीं रहा है। न ही कभी किसी की जबरदस्ती से डरा है। दुनिया कितनी भी क्यों न बदल जाए, चीन परेशान नहीं होगा।

जिनपिंग ने आगे कहा कि ट्रेड वॉर में कोई विजेता नहीं होता। दुनिया के खिलाफ जाने का मतलब खुद के खिलाफ जाना है। जिनपिंग ने यह बातें स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज से मुलाकात के दौरान कहीं।

राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीजिंग में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ से मुलाकात के दौरान यह अपील की। सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, शी जिनपिंग ने यूरोपीय संघ को भी चेतावनी दी कि उसे चीन के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि वे वॉशिंगटन डीसी (अमेरिका) के साथ बढ़ते व्यापार विवाद का सामना कर सकें। चीनी राष्ट्रपति ने कहा, चीन और यूरोप को मिलकर अपनी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियां निभानी चाहिए और अमेरिका की एकतरफा धमकाने वाली नीतियों का मिलकर विरोध करना चाहिए। उन्होंने पहले दिए गए अपने बयानों को दोहराते हुए यह भी कहा कि इससे न सिर्फ दोनों पक्षों के अधिकार और हित सुरक्षित रहेंगे, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्याय और बराबरी को भी मजबूती मिलेगी।




## दुर्ग की अबोध निर्भया को न्याय दिलाने कांग्रेस निकालेगी न्याय यात्रा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

नवरात्रि के समय जब पूरे देश में कन्याभोजन हो रहा था तब छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक मासूम बच्ची के साथ अनाचार हो गया उसकी हत्या हो गयी। अबोध बच्ची के साथ जो दरिंदगी हुई उसे सुनकर रूह कांप जाती है।

राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद बेटियां, बहनें, मातायें सुरक्षित नही है। लगातार दुराचार की घटनाये बढ़ रही है। अपराधी बेलगाम हो गये है उनमें कानून का भय नही है। सरकार अपने आप में मस्त है, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को कानून की चिंता नही है, रोज हत्याएं, लूट, बलात्कार हो रहे है।

सरकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने में नाकाम है।S सरकार और पुलिस से लोगों का भरोसा उठ गया है। इसी कारण दुर्ग में इस घटना के बाद संदिग्ध




आरोपी के घर आगजनी की गयी। बलौदाबाजार में एसपी और कलेक्टर कार्यालय जला दिये गये। प्रशासन की नाकामी के चलते लोहारीडीह, बलरामपुर, सूरजपुर के बाद अब दुर्ग में जनता खुद ही न्याय करने सड़क पर उतर गई, जो बेहद चिंताजनक स्थिति है।

दुर्ग की यह घटना राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था का उदारण है। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है तब से महिलाये, बच्चियां असुरिक्षत है। घटना के बाद पुलिस का रवैय्या बेहद ही दुर्भाग्यजनक है। वास्तविक अपराधी को पकड़ने की बजाय पुलिस मामले की लीपा-पोती में लगी है। जिसे गिरफ्तार किया गया, अपराधी बताया जा रहा मृतका के परिजन उसे अपराधी मानने को तैयार नहीं है। पुलिस ने घर की महिलाओं और बुजुर्गो के साथ बर्बरता की हदें पार कर दीं, वहीं पुरुष परिजनों पर झूठा अपराध कबूल करने का दबाव बनाया गया। पुलिस घटना को लेकर आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित करने में लगी है। 8 लोगों को जेल भेज दिया गया।

## एनडीए-एआईडीएम में गठबंधन

### अमित शाह बोले- NDA को मिलेगी मजबूती

एजेंसी, तमिलनाडु

तमिलनाडु में BJP-AIADMK गठबंधन का ऐलान, तमिलनाडु में बीजेपी-एआईएडीएमके गठबंधन का ऐलान करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राजनीतिक पार्टी की ओर से कोई डिमांड नहीं है. दोनों दल मिलकर चुनाव लड़ेंगे. एनडीए के लिए यह बहुत उपयोगी है. एआईएडीएमके के आंतरिक मामलों में हमारा कोई इंटरफेयरेंस नहीं है.




तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा फेरबदल होते हुए नजर आ रहा है.भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई को पद से हटाए जाने के तुरंत बाद, राज्य की प्रमुख क्षेत्रीय पार्टी AIADMK (अन्नाद्रमुक) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) में वापसी का ऐलान भी हो गया है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव राज्य में ई. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़े जाएंगे, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन का चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे.

अमित शाह ने कहा कि 1998 से जयललिता जी और अटल जी के समय से हम मिलकर चुनाव लड़ते आए हैं. एक समय ऐसा था जब हमने 39 में से 30 लोकसभा सीटें साथ मिलकर जीती थीं. उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी और AIADMK का गठबंधन सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि विश्वास और विचारधारा पर आधारित रहा है. शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच रिश्तों को भी याद किया और कहा कि दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर हमेशा तमिलनाडु के विकास के लिए काम किया है।



# कॉन्ट्रैक्ट में लिखा होता है कॉम्प्रोमाइज करना वहां सारी चीजें सरेआम होती हैं : चाहत खन्ना

**एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने हाल ही में साउथ इंडस्ट्री के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री का काला चिट्ठा खोलते हुए कहा है कि वहां कॉन्ट्रैक्ट में साफ-साफ कॉन्ट्रैक्ट में लिखा होता है कि एक्टर, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर के साथ कॉम्प्रोमाइज करना होगा।**

एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच पर खुलासा करते हुए बताया कि वहां काम करने से पहले ही कॉम्प्रोमाइज के बारे में पूछ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सारी चीजें वहां सरेआम होती हैं। कान्ट्रैक्ट साइन करने से पहले ऐसी बातें आपस में हो ही जाती है। कान्ट्रैक्ट में साफ लिखा होता है आपको कॉम्प्रोमाइज करना होगा। हालांकि वह महिलाओं की बहुत इज्जत करते हैं। चाहत खन्ना ने बॉलीवुड में कास्टिंग काउच के बारे बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि बॉलीवुड में भी ऐसा होता है, लेकिन यहां के तरीके कुछ अलग है। यहां अलग तरीके से एक्ट्रेस से पूछा जाता है। जब भी कोई नया एक्टर आता है तो उन्हें इन सभी चीजों का सामना करना पड़ता है। हालांकि चाहत खन्ना कहती है कि उनके साथ कभी ऐसा कुछ नहीं हुआ। चाहत खन्ना अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें बचपन में मोलेस्ट किया जा चुका है। एक्ट्रेस ने कहा था- जब मैं बहुत छोटी थी, तब एक अंकल अपनी गोद में बिठाकर चॉकलेट देते हैं। तब इतनी समझ नहीं थी, दो साल साल के बाद मुझे रियलाइज हुआ मेरे साथ क्या हुआ था। चाहत खन्ना अब कम ही छोटे पर्दे पर नजर आती हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि कोई उनके साथ काम तक नहीं करना चाहता है। उन्होंने इंडस्ट्री में तलाक को लेकर बन चुकी सोच को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग उनके साथ काम नहीं करना चाहते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस का दो बार तलाक हो चुका है। उनकी पहली शादी ज्यादा लंबी नहीं चली थी। महज 4 महीने के अंदर ही उन्होंने तलाक ले लिया था। फिर उन्होंने अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की और दोबारा शादी की, लेकिन वह शादी भी लंबे समय तक नहीं चली और तलाक हो गया। चाहत कहती हैं कि तलाक और सेपरेशन कभी भी आसान नहीं होते, खासकर तब जब बच्चे हों। उन्होंने आगे कहा- मेरा दूसरा तलाक बहुत मुश्किल था। मेरी एक बेटी फरहान के साथ रहती है और एक मेरे साथ रहती है। तलाक को लेकर इंडस्ट्री में ऐसी सोच बन चुकी है कि आपका नाम बैड लाइट में आ जाता है और बहुत सारे लोग आपके साथ नहीं जुड़ना नहीं चाहते हैं।



# कुछ काम घर चलाने के लिए भी करना पड़ता है, बाद में पछतावा होता है : मनोज पाहवा

**करीब तीन दशक से फिल्म जगत को अपनी अदाकारी से समृद्ध कर रहे सीनियर ऐक्टर मनोज पाहवा जिस भी किरदार में पर्दे पर आते हैं, उसमें अलग रंग भर देते हैं। फिर वो सीरियल ऑफिस ऑफिस के भाटिया जी हो या फिल्म मुल्क के बिलाल मोहम्मद, पिछली वेब सीरीज आईसी 814 : द कंधार हाइजैक के आईबी अधिकारी मुकुल मोहन या फिर हालिया वेब सीरीज चमक के प्रताप देओल, पिछले तीस सालों से वे टीवी से लेकर फिल्म और ओटीटी हर प्लैटफॉर्म पर लगातार सक्रिय हैं। हालांकि, इस पैशन का राज पूछने पर वह पैशन की आग के साथ-साथ किचन की आग का जिक्र भी नहीं भूलते।**



### पैशन के साथ किचन की आग भी जलानी पड़ती है

इतने सालों से लगातार ऐक्टिंग करने के लिए वो जुनून और आग कहां से लाते हैं? यह पूछने पर वह कहते हैं, असल में पैशन और किचन की आग दोनों साथ-साथ जलती है। पैशन के साथ-साथ किचन की आग भी जलानी पड़ती है। इसलिए, कभी आप ऐसे काम की तलाश में रहते हैं, जो आपके पैशन की आग बुझाए और कभी ऐसे काम भी कर लेते हैं कि किचन की आग जलती रहे। अब घर तो चलाना ही है तो दोनों का संतुलन बनाना पड़ता है। इतने सालों से काम करने के बाद भी किचन का सोचना पड़ता है? इस पर वह कहते हैं, हां भई, सोचना पड़ता है, नहीं तो काम कैसे चलेगा? लोगों को लगता है कि इतने साल से काम कर रहे हैं, तो बहुत बड़े स्टार बन गए, मगर हमारे लिए यह रेगुलर प्रॉसेस है कि एक तो अच्छा काम ढूंढ़ना है, जिससे ऐक्टिंग का जुनून बना रहे, मगर कुछ काम घर चलाने के लिए भी करने पड़ते हैं, जिसका कई बार अफसोस भी होता है।

### नई पीढ़ी से सीखता हूं आर्यन के साथ आया मजा

अपनी फिल्मों में विकी कौशल, आलिया भट्ट जैसे कई युवा कलाकारों के साथ काम करने वाले मनोज पाहवा इस नई पीढ़ी के ऐक्टर्स की खुलकर तारीफ करते हैं। बकौल मनोज पाहवा, विकी कौशल के साथ मैंने द ग्रेट इंडियन फैमिली की, आलिया के साथ जिगरा की। जिगरा भले ही नहीं चली, पर मुझे बहुत मजा आया। ये नए ऐक्टर्स इतने अपने काम को लेकर बेहद जागरूक और सचेत हैं, जो हम उस उम्र में बिल्कुल भी नहीं थे। ये लोग तकनीक में भी हमसे कहीं ज्यादा अडवांस हैं तो इनके साथ काम करने में बहुत सीखने को मिलता है। जैसे, अभी मैंने शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की वेब सीरीज में काम किया, जिसमें मुझे बहुत मजा आया। आर्यन की बतौर डायरेक्टर वह पहली सीरीज है, मगर वह बहुत पैशनेट हैं। अच्छा काम करने की मंशा रखते हैं और जैसा काम चाहिए, वैसा कराना चाहते थे। इसी तरह, चमक में मेरे को-ऐक्टर परमवीर सिंह चीमा भी बहुत अच्छा कलाकार है।

### बहुत सख्त निर्देशक हैं पत्नी सीमा पाहवा

नए निर्देशक आर्यन खान की तारीफ करने वाले मनोज पाहवा अपनी पत्नी सीमा पाहवा की पहली फिल्म राम प्रसाद की तेरहवीं में भी ऐक्टर थे। उस अनुभव के बारे में पूछने पर वह कहते हैं, वो (सीमा) बहुत ही टफ डायरेक्टर हैं। असल में, बतौर ऐक्टर वो जिस तरह का इनपुट डालती हैं, वो उम्मीद रखती हैं कि बाकी ऐक्टर भी उसी तरह का इनपुट डालें, इसलिए थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। उन्हें जब तक 100 पर्सेंट नहीं मिलता, वो छोड़ती नहीं हैं। वह ऐसी डायरेक्टर नहीं है कि कुछ भी कर लो तो चल जाएगा। वह पत्नी के तौर पर ज्यादा बेहतर हैं, पर डायरेक्टर के रूप में बहुत सख्त हैं।

### समधी से पहले गुरु हैं पंकज सर

मनोज पाहवा चर्चित शो ऑफिस ऑफिस के बाद के बाद हाल ही में वेब सीरीज आईसी 814: द कंधार हाइजैक में अपने समधी सीनियर ऐक्टर पंकज कपूर के साथ फिर स्क्रीन पर दिखे। उनके साथ अपने रिश्ते के बाबत मनोज कहते हैं, उनके साथ मेरा जो रिश्ता पहली बार दिल्ली में बना था, जब हम छोटे थे और उनका नाटक देखकर सोचते थे कि अगर हम इनके 10-20 पर्सेंट भी ऐक्टिंग कर पाए तो बहुत बड़ी बात होगी। उनके साथ मेरा रिश्ता आज तक बिल्कुल वैसा ही है। वे मेरे लिए गुरु की तरह ही हैं। भले ही बाद में हमने ऑफिस ऑफिस और कई काम साथ में किए। हमारे पारिवारिक संबंध हो गए। फिर रिश्तेदारी हो गई (पंकज कपूर के बच्चों रूहान और सना की शादी मनोज पाहवा के बच्चों क्रमशः मनुकृति और मयंक से हुई ) में बदल गई, पर उनके साथ मेरा जो गुरु शिष्य का पहला रिश्ता है, वो नहीं बदला। मैं आज भी उनसे समधी की हैसियत से मिलने नहीं जाता हूं। मेरे लिए ये गुरु शिष्य वाला रिश्ता ही पहला है और अंत तक वही रहेगा। आज भी मैं उनको सर ही बोलता हूं।

### स्टार पावर से फलती-फूलती है इंडस्ट्री

कहा जा रहा है कि बॉलिवुड में स्टार पावर का तिलिस्म धीरे-धीरे टूट रहा है। अब कॉन्टेंट का दौर आ रहा है, मगर शाहरुख खान, सलमान खान, अक्षय कुमार जैसे स्टार्स के साथ काम करने वाले मनोज पाहवा इंडस्ट्री के लिए स्टार पावर को जरूरी मानते हैं। उनका कहना है, स्टारडम का दौर जाना नहीं चाहिए। स्टारडम का दौर रहना चाहिए, क्योंकि उससे फिल्म इंडस्ट्री फलती-फूलती है। अपने देश की आबादी 140 करोड़ है, इसमें से 50-60 करोड़ लोग ऐसी ही फिल्में देखते हैं। अगर हम सिर्फ आर्ट फिल्में बनाने लगे तो ये कॉटेज इंडस्ट्री बन जाएगी, खादी ग्रामोद्योग बन जाएगा। बड़े स्टार होने चाहिए, बड़ी फिल्में बननी चाहिए। अगर आप सोचें कि नहीं भाई, छोटी छोटी फिल्में ही बननी चाहिए तो हमें कोई स्मॉल स्केल इंडस्ट्री या खादी ग्रामोद्योग थोड़ी बनानी है। ये मल्टी करोड़ इंडस्ट्री है। इसमें मास के लिए फिल्में बननी चाहिए और मास के लिए स्टार चाहिए। शाहरुख खान, सलमान खान जो स्क्रीन पर आएं तो पर्दा फट जाए। उसके बिना इंडस्ट्री बहुत बेकार हो जाएगी।

# शर्मिला टैगोर की कमाई से चलता था घर पापा शौक के लिए क्रिकेट खेलते थे, मां शादी के बाद भी करती थीं काम : सोहा अली खान

सोहा अली खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने पैरेंट्स की लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उनके पापा मंसूर अली खान पटौदी, जिन्हें लोग प्यार से टाइगर कहते थे, क्रिकेट को पैशन की तरह खेलते थे, ना कि पैसे कमाने के लिए। सोहा ने कहा, हम अकसर उन्हीं लोगों से इंस्पायर होते हैं जो हमारे आसपास होते हैं। मेरे लिए वो इंसान मेरे पापा थे। जब मैं पैदा हुई, तब तक वो रिटायर हो चुके थे। उन्होंने क्रिकेट सिर्फ एंजॉयमेंट के लिए खेला। उस टाइम ना आईपीएल था, ना ऐडवर्टाइजमेंट, कुछ नहीं था। उस दौर में क्रिकेट में पैसा ही नहीं होता था। सोहा ने आगे बताया कि उनके घर में कमाने वाली उनकी मम्मी शर्मिला टैगोर थीं। पापा हमेशा कहते थे कि वही करना जो तुम्हें खुश रखे। मैंने मम्मी को देखा कि शादी के बाद भी उन्होंने अपने दिल की सुनी। वो 24 की उम्र में शादी कर चुकी थीं। उस टाइम पर एक्ट्रेस की शादी का मतलब होता था कि करियर खत्म, लेकिन मम्मी ने शादी के बाद भी काम किया और अपनी कुछ सबसे बड़ी हिट फिल्में उसी वक्त दीं। शर्मिला टैगोर और मंसूर अली खान पटौदी की शादी 1968 में हुई थी। उस वक्त ये शादी काफी चर्चा में रही थी, क्योंकि ये इंटर-फेथ शादी थी। सोहा ने ट्विंकल खन्ना के शो ट्वीक इंडिया में बताया, शादी से पहले मम्मी-पापा को धमकियां मिल रही थीं। किसी ने यहां तक कह दिया था, बोलने की जरूरत नहीं, अब गोलियां बोलेंगी। सोहा ने ये भी बताया, मेरे नाना-नानी ने शादी के लिए फोर्ट विलियम बुक कराया था, लेकिन बारात में आर्मी कनेक्शन वाले लोग ज्यादा थे, तो आखिरी वक्त में मना कर दिया गया।



### पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की वापसी पर सनी देओल बोले

# हम एक्टर हैं, सबके लिए काम करते हैं आर्ट को पॉलिटिक्स से नहीं जोड़ना चाहिए

2016 में उरी हमले के बाद से भारत में पाकिस्तानी एक्टर्स को लेकर विवाद शुरू हो गया था। कई फिल्मों में उनका काम करना बंद कर दिया गया था। तभी से फवाद खान भी बॉलीवुड से दूर हो गए थे। अब फवाद खान फिर से एक हिंदी फिल्म अबीर गुलाल में नजर आने वाले हैं। इसको लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया आ रही है। इसी बीच सनी देओल से जब इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने अपनी बात खुलकर रखी। एचटी सिटी से बात करते हुए सनी ने कहा, देखो, मैं पॉलिटिक्स में नहीं जाना चाहता क्योंकि वहां से चीजें गड़बड़ होने लगती हैं। हम एक्टर हैं, हम दुनिया के हर कोने के लोगों के लिए काम करते हैं। कोई देखे या ना देखे, हम सबके लिए हैं। ऐसा कुछ नहीं है कि किसी के लिए नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, आज की दुनिया ग्लोबल हो गई है, और हमें और देशों को जोड़ना चाहिए। यही सही तरीका है। बता दें, फवाद की फिल्म अबीर गुलाल 9 मई को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में उनके साथ वाणी कपूर भी नजर आएंगी। एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने भी इस मामले में फवाद का सपोर्ट किया है। उन्होंने कहा, मैं पहले से फवाद खान की फैन हूं। हम हर एक्टर और म्यूजिशियन का स्वागत करते हैं। ये हमारी संस्कृति है। आर्ट को हम आर्ट की तरह ही देखते हैं, उसमें मैं कोई भेदभाव नहीं करती। चाहे वो एक्टर हो, पेंटर हो, सिंगर हो या डायरेक्टर; सबका स्वागत है।



# राम गोपाल वर्मा के खिलाफ एक और शिकायत दर्ज

## धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप, हिंदू देवी-देवताओं पर किए थे आपत्तिजनक कमेंट

फिल्मों से ज्यादा अपनी विवादित बातों से सुर्खियां बटोरने वाले फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा के खिलाफ एक और शिकायत दर्ज हुई है। हाल ही में राष्ट्रीय प्रजा कांग्रेस के अध्यक्ष और हाईकोर्ट की वकील मेदा श्रीनिवास ने हिंदू विरोधी बातें करने पर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाते हुए जल्द ही लीगल एक्शन लिए जाने की बात कही है। आंध्रप्रदेश के श्री टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई इस शिकायत में मेदा श्रीनिवास ने सबूत के तौर पर राम गोपाल वर्मा द्वारा किए गए आपत्तिजनक कमेंट्स की कॉपी भी लगाई है। राम गोपाल वर्मा ने बीते कुछ दिनों में कई पोस्ट पर कमेंट किए हैं, जो हिंदू विरोधी हैं। मेदा श्रीनिवास ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पूजित रामायण और महाभारत के साथ-साथ देवी-देवताओं पर भी आपत्तिजनक कमेंट किया है।



उन्होंने आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के बीच क्षेत्रीय विवाद को भड़काने की कोशिश की और साथ ही भारतीय सैनिकों के आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचाने वाले बयान दिए हैं। श्री टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई शिकायत के साथ मेदा श्रीनिवास ने कहा है कि उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 153, 153बी, 504, 506, 150- बी और आईटी एक्ट 2000 के तहत कार्यवाही हो। बताते चलें कि राम गोपाल वर्मा फिल्मों से ज्यादा अपने बयानों और शिकायतों के चलते ज्यादा सुर्खियों में रहते हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके चलते उनके खिलाफ कई शिकायतें दर्ज हुई थीं। इससे पहले 11 नवंबर 2024 को उनके खिलाफ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की गरिमा को ठेस पहुंचाने के मामले में शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उनके बेटे नारा लोकेश, बहू ब्रह्माणी और अन्य टीडीपी नेताओं की छवि को धूमिल किया था।

# सीरियल किसर टैग से परेशन हो गया था, हर फिल्म में जबरन वही चीजें डाली जाती थीं, करियर को नुकसान पहुंचा : इमरान हाशमी

इमरान हाशमी का नाम आते ही सबसे पहले सीरियल किसर वाली छवि याद आती है। लेकिन क्या आपको पता है कि इसी टैग ने एक समय पर उन्हें इतना परेशन कर दिया था कि वो खुद को एक सीरियस एक्टर के तौर पर साबित ही नहीं कर पा रहे थे। एक बातचीत में इमरान ने साफ कहा कि साल 2003 से 2012 के बीच उनकी इमेज को इस हद तक दोहराया गया था कि वो एक लेबल बन गया था। यही लेबल हर फिल्म की मार्केटिंग में इस्तेमाल किया जाने लगा। लोग मेरे नाम से पहले वही टैग लगाने लगे थे यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के शो में इमरान ने कहा, एक टाइम था जब मैं चाहता था कि लोग मुझे थोड़ा सीरियसली लें। मेरी छवि को इस तरह निचोड़ा गया था कि वो एक टैग बन गया था। मार्केटिंग में उसी का इस्तेमाल होता था। हर फिल्म में बिना वजह वही चीजें डाली जाती थीं।

# सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज मचाएंगे धमाल या पंजाब किंग्स करेगी धमाल

## आज हैदराबाद में होगा मुकाबला

नई दिल्ली।

आईपीएल में पहले मैच में धमाकेदार प्रदर्शन करने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद जीत के लिए संघर्ष कर रही है। अब हैदराबाद की टीम का मुकाबला पंजाब किंग्स के खिलाफ है। यह शनिवार को होने वाले डबल हेडर का दूसरा मैच है। एसआरएच की टीम यहां पर जोरदार वापसी करना चाहेगी। पिछले साल के उप विजेता सनराइजर्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले मैच में 286 रन बनाकर 44 रन से शानदार जीत हासिल की थी। लेकिन इसके बाद उसके बल्लेबाज कुंद पड़ गए जिसका असर परिणाम पर भी साथ देखने को मिल रहा है। आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए मशहूर सनराइजर्स की टीम पिछले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसने इन मैचों में 163, 120 और 152 रन ही बनाए। बल्लेबाजों की नाकामी के कारण उसे इन मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी खराब हो गया।



### नहीं चल रहे बल्लेबाज

सनराइजर्स के पास ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे विस्फोटक बल्लेबाज हैं। लेकिन पिछले कुछ मैच में अति आक्रामकता के कारण उन्हें अपने विकेट गंवाने पड़े। पिछले साल सनराइजर्स की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हेड और अभिषेक इस बार अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए हैं। वर्तमान सत्र में इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 15 रन की है। हेड के प्रदर्शन में आश्चर्यजनक रूप से गिरावट आई है। वह अभी तक पांच पारियों में 67, 47, 22, 04 और 08 रन ही बना पाए हैं। अभिषेक की बल्लेबाजी में भी निरंतरता का अभाव है। मौजूदा सत्र में उनका सर्वोच्च स्कोर 24 रन है।

### आक्रामक अंदाज छोड़ने को तैयार नहीं

ईशान किशन ने पहले मैच में नाबाद शतक लगाया था। लेकिन इसके बाद वह अपने इस प्रदर्शन को जारी नहीं रख पाए। सनराइजर्स के मध्यक्रम के मुख्य बल्लेबाज क्लासेन भी अभी तक उम्मीद पर खरा नहीं उतरे हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि उनकी टीम अपने आक्रामक अंदाज को नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहाकि मेरा मानना है कि हम जानते हैं कि हमने अपनी इस शैली के दम पर जीत हासिल की है लेकिन हमें परिस्थितियों का सम्मान करना होगा। हमें परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन करना होगा जैसा कि हम अभी तक नहीं कर पाए हैं।



### हैदराबाद की गेंदबाजी भी चिंता का विषय

सनराइजर्स के लिए बल्लेबाजी नहीं गेंदबाजी भी चिंता का विषय है। उसके गेंदबाजों ने अभी तक काफी रन लुटाए हैं। कप्तान पैट कमिंस, मोहम्मद शमी और हर्षल पटेल जैसे गेंदबाज अभी तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। उसके स्पिन गेंदबाजों को बीच के ओवरों में संघर्ष करना पड़ रहा है। इसके विपरीत पंजाब किंग्स ने नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह भारतीय बल्लेबाज आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। उसको प्रियांश आर्या के रूप में विस्फोटक सलामी बल्लेबाज मिला है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़ा था। पंजाब के गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप सिंह, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल और मार्को यानसन ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

### टीम इस प्रकार है

- **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, एडम जम्पा, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट और ईशान मलिंगा।
- **पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टॉयनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को यानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2025 में भारत का सफर समाप्त

## ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो क्वार्टर फाइनल में बाहर




नई दिल्ली।

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2025 में भारत की आखिरी उम्मीद भी खत्म हो गई जब मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हार गई। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय जोड़ी को हांगकांग की पांचवीं वरीय जोड़ी तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट ने सीधे गेमों में 22-20, 21-13 से पराजित किया। इससे पहले, गुरुवार को कपिला और क्रैस्टो ने चीनी ताइपे की जोड़ी ये होंग वेई और निकोल चैन को 12-21, 21-16, 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। पहला गेम हारने के बाद भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम अपने नाम किए।

**एकल वर्ग में भी भारत का अभियान समाप्त :** एकल वर्ग में भारत के शीर्ष शटलर पीवी सिंधु, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज दूसरे दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पीवी सिंधु ने जापान की पूर्व विश्व चैंपियन अकाने यामागुची को कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह मुकाबला 11-21, 21-16, 16-21 से हार गईं। किरण जॉर्ज ने थाईलैंड के विश्व चैंपियन कुनलावुत विटिडसर्न के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः 21-19, 13-21, 16-21 से हार गए। प्रियांशु राजावत को जापान के कोडाई नाराओका से 14-21, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### युगल वर्ग में भी निराशाजनक प्रदर्शन

पुरुष युगल में हरिहरन अम्सकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की जोड़ी ने पहले दौर में श्रीलंका की जोड़ी को हराया था, लेकिन दूसरे दौर में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशियाई जोड़ी आरोन चिया और सोह वूई यिक से 15-21, 14-21 से हार गई। महिला युगल में प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन और यू चिएन-हुई की जोड़ी से 21-11, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा।

### पहले दिन भी निराशाजनक शुरुआत

टूर्नामेंट के पहले ही दिन भारत को झटके लगे जब लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और मालविका बंसोड़ पहले दौर में ही बाहर हो गए। लक्ष्य सेन को चीनी ताइपे के विश्व नंबर 14 ली चिया-हाओ के खिलाफ सीधे गेमों में हार झेलनी पड़ी। एचएस प्रणय ने चीन के लु गुआंगजू के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन 21-16, 12-21, 21-11 से हार गए। यह इस साल उनके लिए छह टूर्नामेंट में चौथी बार पहले दौर में बाहर होना था। महिला एकल में भारत की 22वीं रैंकिंग वाली मालविका बंसोड़ को विश्व नंबर 15 गाओ फैंग जी ने 21-14, 21-8 से हराया।

## रोहित सुपरस्टार हैं, मैं उनके फॉर्म के लिए चिंतित नहीं, आईपीएल 2025 में खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान : क्लार्क

नई दिल्ली।



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि रोहित शर्मा सुपरस्टार है जिन्हें अपनी लय वापिस पाने के लिए महज 40 रन की पारी की जरूरत है। रोहित ने इस सीजन चार पारियों में सिर्फ 38 रन बनाए हैं। उन्होंने 0, 8, 13 और 17 रन की पारी खेली। जियोस्टार एक्सपर्ट क्लार्क ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, रोहित असल सुपरस्टार हैं। वह दिन दूर नहीं जब वह शतक लगाएंगे और जल्द वापसी करेंगे। एक अच्छी पारी की जरूरत है। वह 40 या 60 रन की हो सकती है। एक बार लय हासिल कर ली तो आप उसे बेस्ट फॉर्म में देखेंगे। मैं उनके फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हूं। हमें महान खिलाड़ियों से हमेशा अपेक्षाएं रहती हैं क्योंकि वे इतने कामयाब होते हैं। लेकिन एक दो मैचों में खराब खेलना चलता है। रोहित ने मुंबई इंडियंस के लिए 216 मैच खेले रोहित ने आईपीएल 2011 के मेगा ऑक्शन में इस फ्रेंचाइजी को जॉइन किया और तब से इसके साथ जुड़े हुए हैं। पिछले 15 सालों में रोहित ने मुंबई इंडियंस टीम के लिए 216 मैच खेले हैं। इस दौरान दो शतक और 35 अर्धशतकों की मदद से 5496 रन बनाए हैं। रोहित ने अपने आईपीएल करियर में कुल 256 मैच खेले हैं और 6666 रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में आईपीएल का खिताब जीता। पिछले साल आईपीएल में रोहित एमआई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और उन्हें आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले 16.30 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया।

## आईपीएल 2025 के 24वें मैच बाद ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस में पीछे रह गए भारतीय खिलाड़ी

नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स का विजय रथ रुकने का नाम नहीं ले रहा है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में शानदार जीत हासिल की और इस सीजन अब तक खेले गए चारों मुकाबलों में जीत हासिल की है। बेंगलुरु के खिलाफ इस मुकाबले में दिल्ली ने 6 विकेट से जीत हासिल की और इसके बाद से ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की लिस्ट में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। बता दें कि ऑरेंज कैप की रेस में पहले स्थान पर लखनऊ के निकोलस पूरन मौजूद हैं और उन्हें कोई भी खिलाड़ी अब तक पीछे नहीं छोड़ सका है। बता दें कि दिल्ली के खिलाफ बेंगलुरु ने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाए थे। इसी के साथ डीसी ने इस मुकाबले में 6 विकेट से जीत दर्ज की। अगर दिल्ली बनाम बेंगलुरु मुकाबले के बाद आईपीएल 2025 में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में निकोलस पूरन पहले नंबर पर काबिज हैं। पूरन ने इस सीजन अब तक 5 मुकाबले खेले हैं और इस दौरान उन्होंने 72 की औसत के साथ 288 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं। इसके अलावा दूसरे स्थान पर गुजरात के साई सुदर्शन हैं और उन्होंने 5 मैचों में 2773 रन बनाए हैं। तो वहीं 265 रनों के साथ मिचेल मार्श तीसरे स्थान पर काबिज हैं। पर्पल कैप की बात करें तो यहां पर इस सीजन (आईपीएल 2025) सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में सीएसके के नूर अहमद पहले स्थान पर हैं। नूर ने 5 मुकाबले खेलते हुए 11 विकेट अपने नाम किए हैं। इसके अलावा हार्दिक पांड्या दूसरे नंबर पर काबिज हैं और उन्होंने 4 मैचों में 10 विकेट अपने नाम किए हैं। तो वहीं 10 विकेटों के साथ गुजरात के साई किशोर तीसरे नंबर पर काबिज हैं।

# गुजरात को लखनऊ से मिलेगी आज कड़ी टक्कर?

नई दिल्ली।

आईपीएल में आज का मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाला है। यह मैच आज दोपहर में खेला जाएगा। इस मैच में आईपीएल के मैच में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। लखनऊ की भीषण गर्मी में इन दोनों टीम के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। गुजरात टाइटंस ने लगातार चार मैच जीते हैं और वह नेट रन रेट बेहतर होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स से ऊपर पहले स्थान पर है। इन दोनों टीम के समान आठ अंक हैं।

**लखनऊ ने अभी तक दर्ज की हैं तीन जीत :** लखनऊ ने अभी तक तीन मैच में जीत हासिल की है और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ की टीम में पूरन ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 288 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 225 है जो किसी भी विरोधी टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है। वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज ने अभी तक 25 चौके और 24 छक्के लगाए हैं। लेकिन गुजरात के खिलाफ मैच में उन्हें सिराज की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस तेज गेंदबाज ने पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके नाम पर पांच मैच में 10 विकेट दर्ज हैं। उनका इकोनॉमी रेट भी 7.70 है।

### टीम इस प्रकार है

**गुजरात टाइटंस :** बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएत्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़, करीम जनत।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हैंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, शमर जोसेफ। प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।



### सिराज पेश करेंगे मुश्किल

सिराज पर पावर प्ले में बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होगा तथा सलामी बल्लेबाजों एडेन माक्ररम और मिशेल मार्श को भी उन्हें खेलते समय सावधान रहना होगा। टाइटंस को व्यक्तिगत कारण से स्वदेश लौटने वाले तेज गेंदबाज कैगिसो रबाड़ा की अभी तक कोई खास कमी नहीं खली है क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा ने सिराज का अच्छी तरह से साथ दिया है। बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर अपने शानदार प्रदर्शन से टीम के मुख्य स्पिनर राशिद खान पर भी हावी हो गए हैं। राशिद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में अच्छी गेंदबाजी करके लय हासिल करने के संकेत दिए थे। अगर वह अपना यह प्रदर्शन जारी रखते हैं तो लखनऊ के बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल पैदा हो सकती है।

### दोनों कप्तानों की फॉर्म चिंताजनक



दोनों टीमों के लिए अपने कप्तान की फॉर्म चिंता का विषय होगी। शुभमन गिल और ऋषभ पंत दोनों कुशल बल्लेबाज हैं, लेकिन आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपनी छाप छोड़ने में अभी तक नाकाम रहे हैं। गिल ने आईपीएल के 2023 के सत्र में 890 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मौजूदा सत्र में वह अभी तक केवल 148 रन बना पाए हैं। बी साई सुदर्शन (273) और जोस बटलर (203) ने अभी तक टाइटंस की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है। लखनऊ ने ऋषभ पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था लेकिन उन्होंने अभी तक चार पारियों में केवल 19 रन बनाए हैं। अगर गिल और पंत अपनी वास्तविक फॉर्म में लौट आते हैं तो फिर लखनऊ के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होना तय है।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की घर पर लगातार दूसरी हार के बाद भड़के दिनेश कार्तिक, बैटिंग कोच ने पिच क्यूरेटर पर ही उठा दिए कई सवाल!

नई दिल्ली।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 में अब तक 5 मैच खेल लिए हैं, जिसमें उन्हें 3 में जीत मिली है। टीम ने तीनों ही जीत बाहर के मैदानों पर हासिल की है, जबकि टीम को दोनों हार घरेलू मैदान यानी बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में झेलनी पड़ी हैं। घरेलू मैदान पर मिली लगातार दो हार के बाद टीम के बैटिंग कोच दिनेश कार्तिक ने पिच क्यूरेटर पर सवाल खड़ा कर दिया। कार्तिक ने कहा कि पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित नहीं हो रही है।

**दिल्ली के खिलाफ मिली हार के बाद कार्तिक ने उठाया सवाल :** बता दें कि आरसीबी ने पांचवां लीग मैच घरेलू मैदान पर



दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था, जिसमें उन्हें 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद कार्तिक ने पिच को लेकर बात की। मैच के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्तिक ने कहा, शुरुआती दो मैचों में हमने अच्छी पिच की मांग की थी। लेकिन यह ऐसी साबित हुई जहां बैटिंग करना मुश्किल रहा। इसलिए हमें जो मिला हमने उसके साथ बेस्ट करने की कोशिश की। आगे पिच क्यूरेटर को लेकर बात करते हुए कार्तिक ने कहा, हम उनके (पिच क्यूरेटर) साथ बात करेंगे। हम उन पर काम करने के लिए भरोसा करते हैं। यह ऐसी पिच नहीं है जो बल्लेबाजों को मदद कर रही हो। यह चुनौतीपूर्ण पिच है। अब तक हमने जो मैच खेले हैं उसमें यह केस रहा है। गौरतलब है कि आरसीबी ने घरेलू मैदान पर सीजन का पहला मुकाबला 02 अप्रैल, बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला था। इस मुकाबले में आरसीबी को 8 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। फिर रजत पाटीदार की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने घरेलू मैदान पर सीजन का दूसरा मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 10 अप्रैल, गुरुवार को खेला, जिसमें उन्हें 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

## विनेश को 2 प्राइज देगी हरियाणा सरकार

### रेसलर ने 4 करोड़ कैश के साथ प्लॉट भी मांगा पेरिस ओलिंपिक से बिना मेडल लौटी थी

चंडीगढ़।

हरियाणा सरकार कांग्रेस विधायक और रेसलर विनेश फोगाट को एक नहीं बल्कि दो प्राइज देगी। इसमें 4 करोड़ रुपए का कैश अवॉर्ड और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का एक महंगा प्लॉट शामिल है। दरअसल, सीएम नायब सैनी ने विनेश को तीन ऑप्शन दिए थे।

जिसके बाद विनेश ने 4 करोड़ कैश के साथ प्लॉट भी मांग लिया। विनेश ने खेल विभाग को चिट्ठी लिखकर अपनी डिमांड बताई है। उधर, खेल विभाग ने प्राइज देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग के सूत्रों का कहना है कि विनेश को तीन विकल्प दिए गए थे, और अगर वह तीनों चुनतीं तो भी सरकार पूरा करती। लेकिन उन्होंने सिर्फ दो ही चुने।

वहीं, हरियाणा सरकार की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा, एक प्लेयर को लेकर व्यक्तिगत टिप्पणी करना अच्छी बात नहीं। उन्होंने हमारे देश को रिप्रजेंट किया है। ग्रामीण लेवल से उठकर देश का नाम रोशन किया।

# सोने ने फिर बनाया नया रिकॉर्ड, दाम ₹3,192 बढ़े:इस साल 22% बढ़कर ₹93,353 प्रति 10 ग्राम पहुंचा

नई दिल्ली।

एक किलो चांदी की कीमत ₹2,260 बढ़कर ₹92,929 प्रति किलो हुई। (ये फोटो ग्रोक से बनाई गई है) - Dainik Bhaskar

सोने के दाम ने शुक्रवार 11 अप्रैल को नया ऑल टाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम ₹3,192 बढ़कर ₹93,353 पर पहुंच गया। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत ₹90,161 थी।

एक किलो चांदी की कीमत आज ₹2,260 बढ़कर ₹92,929 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव ₹90,669 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने ₹1,00,934 और 3 अप्रैल को सोने ने ₹91,205 का हाई बनाया था।

### सोने में तेजी के 3 कारण

अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ गई है। ऐसे में लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है।

डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। इस साल रुपए में लगभग 4% की गिरावट आई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है।

शादियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है। मुंबई, दिल्ली और चेन्नई जैसे शहरों में ज्वैलर्स ने बताया कि ऊंची कीमतों के बावजूद बिक्री में तेजी है, क्योंकि लोग सोने को निवेश और समृद्धि के प्रतीक के रूप में देखते हैं।

### 4 महानगरों में सोने की कीमत



**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,555 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,400 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 87,450 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 95,400 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,400 रुपए है।

### इस साल अब तक 17,191 रुपए महंगा हो चुका है सोना

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 17,191 रुपए यानी 22.57% बढ़कर 93,353 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 6,610 रुपए यानी 7% बढ़कर ₹92,627 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

## सोना खरीदते समय 3 बातों का रखें ध्यान

**1. सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें**

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

**2. कीमत क्रॉस चेक करें**

सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है, लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क्योंकि वो बेहद मुलायम होता है।

**3. कैश पेमेंट न करें, बिल लें**

सोना खरीदते वक्त कैश पेमेंट की जगह UPI (जैसे भीम ऐप) और डिजिटल बैंकिंग के जरिए पेमेंट करना अच्छा रहता है। आप चाहें तो डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी पेमेंट कर सकते हैं। इसके बाद बिल लेना न भूलें। यदि ऑनलाइन ऑर्डर किया है तो पैकेजिंग जरूर चेक करें।

# भारत के उद्योग पर लगी टैरिफ वॉर की चोट!

- फरवरी में औद्योगिक उत्पादन 6 महीने में सबसे कम, किस सेक्टर पर ज्यादा असर
- फरवरी में औद्योगिक उत्पादन 6 महीने के निचले स्तर पर.
- खनन, विनिर्माण और बिजली क्षेत्रों पर सबसे ज्यादा असर.
- औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 2.9% रही.



नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को कुर्सी संभालने के तत्काल बाद दुनिया पर टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया था. इसका सीधा असर भारत के उद्योगों पर भी दिखा और फरवरी में ही भारत का औद्योगिक उत्पादन नीचे आ गया. ग्लोबल मार्केट से ऑर्डर में कमी की वजह से उत्पादन घटकर 6 महीने के निचले स्तर पर चला गया. सबसे ज्यादा असर तो खनन क्षेत्र पर पड़ा है.

सरकार ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर बताया कि देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर इस साल फरवरी में सुस्त पड़ गई और ग्रोथ रेट 2.9 फीसदी के साथ छह महीने के निचले स्तर पर आ गई. सबसे ज्यादा असर विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों पर पड़ा है. इन सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारण औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि इतनी सुस्त पड़ी है.

### पिछले साल कितना था ग्रोथ

आंकड़े बताते हैं कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में फरवरी 2024 में 5.6 फीसदी की वृद्धि हुई थी. सरकार ने जनवरी 2025 के लिए औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े को भी संशोधित कर 5.2 फीसदी कर दिया है. मार्च में जारी आंकड़ों में इसके 5 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया था. अब इसमें 0.20 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी गई है.

## इस सेक्टर पर सबसे ज्यादा असर

एनएसओ ने बताया कि फरवरी में सबसे ज्यादा खनन सेक्टर पर हुआ, जहां उत्पादन की वृद्धि दर गिरकर 1.6 फीसदी रही. एक साल पहले यानी 2024 के फरवरी महीने में यह ग्रोथ रेट 8.1 फीसदी थी. इसी तरह, फरवरी 2025 में बिजली उत्पादन की वृद्धि भी धीमी होकर 3.6 फीसदी रही, जो एक साल पहले इसी महीने में एक साल पहले 7.6 फीसदी थी. इस तरह, वित्तवर्ष 2024-25 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी में 4.1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 6.0 फीसदी थी.

## अगस्त में शून्य थी ग्रोथ

राष्ट्रीय साख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले औद्योगिक उत्पादन का निचला स्तर पिछले साल अगस्त में रहा था. उस समय वृद्धि दर शून्य फीसदी पर पहुंच गई थी. विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि फरवरी 2025 में सुस्त पडकर 2.9 फीसदी रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.9 फीसदी थी.

# इन चार बैंकों ने कर्ज की दर में की कटौती, सस्ती होगी आपकी होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन EMI



नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) द्वारा रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइन्ट (bps) की कटौती के बाद बैंकों ने लेंडिंग रेट्स यानी उधार दरों में कटौती करना शुरु कर दिया है। RBI ने रेपो रेट को 6.25% से 6% कर दिया था। अब आरबीआई द्वारा रेपो रेट कम किए जाने का असर दिखने लगा है और चार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSBs) ने अपनी उधार दरों में कटौती की है। ये बैंक हैं पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी), इंडियन बैंक और बैंक ऑफ इंडिया।

इन सभी बैंकों ने अपनी रेपो-लिंक्ड लेंडिंग दर (आरएलएलआर) कम कर दी है, जिससे घर और अन्य व्यक्तिगत ऋण उत्पाद सस्ते हो जाएंगे। आरएलएलआर उस दर को संदर्भित करता है जिस पर बैंक आरबीआई रेपो दर के आधार पर अपने ग्राहकों को ऋण देते हैं।

### पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी)

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 10 अप्रैल, 2025 से अपनी दर को 9.1% से घटाकर 8.85% कर दिया है। बैंक की मौजूदा मार्जिनल कॉस्ट आधारित उधार दर (MCLR) और बेस रेट में कोई बदलाव नहीं है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB)

बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी रेपो रेट में कटौती के बाज अपने कर्ज की दर कम कर दी हैं। इसने अपनी एक-वर्षीय सीमांत लागत निधि-आधारित ऋण दर ( Marginal Cost of Funds-Based Lending Rate-MCLR) को घटाकर 9% कर दिया और अपने ओवरनाइट एमसीएलआर को घटाकर 8.15% कर दिया।

### इंडियन बैंक

बैंक ने 11 अप्रैल, 2025 से अपनी रेपो-लिंक्ड ऋण दर को 9.05% से घटाकर 8.7% कर दिया है। ये दरें सभी रेपो-लिंक्ड ऋणों पर लागू होंगी और अगली निर्धारित समीक्षा तक लागू रहेंगी।

### बैंक ऑफ इंडिया

बैंक ऑफ इंडिया ने 9 अप्रैल, 2025 से अपने आरबीएलआर को 9.1% से घटाकर 8.85% कर दिया।

# न्यू टैक्स रिजीम में कैसे टैक्स फ्री होगी 12.75 लाख की कमाई




नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में मिडिल क्लास को बड़ी राहत दी है। उन्होंने 12 लाख रुपये तक की सालाना कमाई को टैक्स फ्री किया है। अगर 75000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन को भी मिला लें, तो कुल 12.75 लाख रुपये तक की कमाई टैक्स फ्री हो जाएगी।

हालांकि, अभी भी न्यू टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपये की सालाना इनकम 10 फीसदी टैक्स स्लैब में आ रही है। इससे टैक्सपेयर्स उलझन में हैं कि उनकी 12.75 लाख की इनकम टैक्स फ्री कैसे होगी। आइए इसे डिटेल में समझते हैं।

### न्यू टैक्स रिजीम में कितना लगता है टैक्स?

अभी न्यू टैक्स रिजीम के मुताबिक, 0-4 लाख रुपये तक पर टैक्स जीरो है। वहीं, 4 से 8 लाख रुपये तक की कमाई पर 5 फीसदी और 8 से 12 लाख रुपये तक पर 10 फीसदी टैक्स लगता है। सबसे अधिक 30 फीसदी टैक्स 24 लाख रुपये से अधिक की सालाना कमाई पर लगेगा।

### 12.75 लाख की इनकम कैसे टैक्स फ्री होगी?

इनकम टैक्स के सेक्शन 87A के तहत करदाताओं को टैक्स रिबेट मिलती है। यह ओल्ड टैक्स रिजीम के लिए 12,500 रुपये है और न्यू टैक्स रिजीम के लिए 60,000 रुपये। इसका सीधा-सा मतलब है कि अगर न्यू टैक्स रिजीम में आपकी टैक्स देनदारी 60 हजार रुपये से कम है, तो आपको एक भी रुपया टैक्स देने की जरूरत नहीं है।

इस हिसाब से आपकी 12 लाख तक की सालाना कमाई टैक्स फ्री हो जाएगी। इसे यूं समझिए कि 0-4 लाख की इनकम टैक्स फ्री है। वहीं, 4 से 8 लाख पर 5 फीसदी लगेगा। इसका मतलब कि इस चार लाख पर आपकी 20,000 रुपये की टैक्स देनदारी बनेगी। अगले चार लाख यानी 8 से 12 लाख पर आपको 10 फीसदी टैक्स देना होगा, जो 40,000 रुपये होते हैं।

इसका मतलब है कि आपको 12 लाख की सालाना आय पर 60 हजार रुपये का टैक्स देना होगा, जिस पर सरकार सीधे छूट दे रही है। इसमें 75 हजार रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी जोड़ लें, तो 12.75 लाख रुपये तक का सालाना कमाई टैक्स फ्री हो जाएगी।

# राशन कार्ड बना या नहीं, इन आसान स्टेप्स से ऑनलाइन करें चेक

नई दिल्ली। राशन कार्ड का काम सिर्फ मुफ्त या कम पैसों में राशन प्रदान करना नहीं है, बल्कि ये आपके पहचान से भी जुड़ा हुआ है। कई सरकारी योजनाओं या जरूरी कामों के लिए राशन कार्ड की जरूरत पड़ती है।

अगर आपने भी हाल ही में राशन कार्ड के लिए अप्लाई किया है। वहीं जानना चाहते हैं कि आपका कार्ड कब तक बनकर तैयार हो जाएगा। तो इसे घर बैठे ही ऑनलाइन चेक किया जा सकता है।

### ऑनलाइन कैसे करें राशन कार्ड स्टेटस चेक?

राशन कार्ड स्टेटस चेक करने के लिए आप सरकारी वेबसाइट एनएफएसए (National Food Security Portal) पर जाकर चेक कर सकते हैं। इसके अलावा आप राज्य की विशेष वेबसाइट पर जाकर भी चेक कर सकते हैं। इसके साथ ही अगर आपने जानकारी दर्ज करने में कोई गलती की है, तो इसे भी ठीक किया जा सकता है।




### स्टेप बाय स्टेप प्रोसेस

स्टेप 1- सबसे पहले आपको National Food Security Portal पर जाना होगा।

स्टेप 2- इसके बाद यहां आपको Citizen का एक ऑप्शन दिया जाएगा।

NEP के तहत हम ऐसे मानव संसाधन तैयार कर पाएंगे जो पूरे विश्व को दिशा दिखा पाए। Sukanta MajumdarNEP के तहत हम ऐसे मानव संसाधन तैयार कर पाएंगे जो पूरे विश्व को दिशा दिखा पाए । Sukanta Majumdar

स्टेप 3- इस पर क्लिक कर, know your Ration Card status पर टेप करें।

स्टेप 4- इसके बाद आपको राशन कार्ड नंबर दर्ज कर, Serach Expression पर क्लिक करना होगा।

स्टेप 5- फिर कैप्चा कोड दर्ज कर, Get RC Details पर क्लिक करना होगा।

जिसके बाद आपको राशन कार्ड से जुड़ी डिटेल्स स्क्रीन पर दिख जाएगी।

इसके अलावा अगर आप किसी राज्य की वेबसाइट पर जाकर राशन कार्ड स्टेटस चेक करना चाहते हैं, तो नीचे दिए स्टेप्स को फॉलो करें।

### राज्य सरकार की वेबसाइट में ऐसे करें स्टेटस चेक

स्टेप 1- सबसे पहले आपको Food, Civil Supplies और Consumer Affairs इनमें से किसी की वेबसाइट पर जाना होगा।

स्टेप 2- यहां आपको सर्विस ऑप्शन दिखाई देगा।

स्टेप 3- जिसके बाद दिए गए Ration Card Status ऑप्शन पर क्लिक करें।

स्टेप 4- फिर जो भी राशन कार्ड नंबर मिला होगा, इसे दर्ज करें।

स्टेप 5- इसके बाद आपको राशन कार्ड स्टेटस स्क्रीन में ही दिख जाएगा।

आप ऑफलाइन तरीके से भी राशन कार्ड स्टेटस चेक कर सकते हैं। इसके लिए आपको पास के स्थित किसी सरकारी दफ्तर पर जाकर पूछ सकते हैं। इनमें राज्य खाद्य आपूर्ति विभाग, कॉमन सर्विस सेंटर और ई-सेवा जैसे ऑफिस शामिल हैं।

# टैरिफ पर रोक से शेयर बाजार में लौटी रौनक

नई दिल्ली।

शेयर बाजार में आज 11 अप्रैल को जबरदस्त उछाल देखने को मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर रोक के फैसले ने निवेशकों का जोश हाई कर दिया है। Sensex ने करीब 1,300 अंकों की छलांग लगाई और Nifty 50 में भी लगभग 2 प्रतिशत की तेजी देखी गई। खासतौर से 8 सेक्टर्स और उससे जुड़ी कंपनियों में आज सबसे अधिक पैसा बनता दिखाई दिया, जिनका अमेरिकी बाजार से सीधा नाता है। कौन-कौन से हैं ये शेयर्स और किन शेयरों में आई सबसे अधिक उछाल, आइए जानते हैं-

### 1. फार्मा सेक्टर

ट्रंप ने फार्मा सेक्टर पर टैरिफ को लेकर कोई सीधी घोषणा नहीं की, लेकिन माना जा रहा है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर चल रही बातचीत से इस सेक्टर को फायदा मिल सकता है। इसके Nifty Pharma इंडेक्स में 2 प्रतिशत की तेजी देखी गई। लॉरिस लैब्स के शेयरों ने सबसे अधिक 7 प्रतिशत की छलांग लगी। इसके अलावा Granules, Cipla, Biocon और Sun Pharma जैसी कंपनियों के शेयर भी 2 से 4 प्रतिशत चढ़े।

### 2. आईटी सेक्टर

आईटी कंपनियों के शेयरों में शुरुआत में तो अच्छी तेजी देखने को मिली, लेकिन बाद में अमेरिका डॉलर में कमजोरी और अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ने के चलते कुछ मुनाफावसूली देखने को मिली। बावजूद इसके, Persistent और LTI MindTree के शेयर करीब 3 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं Mphasis और Wipro ने भी 2 प्रतिशत के आस-पास की तेजी दर्ज की।

### 3. मेटल सेक्टर

आज का सुपरस्टार रहा मेटल सेक्टर। Nifty Metal Index में 4% की उछाल आई और यह सभी सेक्टोरल इंडेक्स में टॉप गेनर रहा। Tata Steel के शेयरों में करीब 5 प्रतिशत की तेजी आई, जो हाल ही में अमेरिकी टैरिफ के कारण दबाव में थे। हिंडाल्को के शेयरों में सबसे अधिक 7 फीसदी की तेजी देखने को मिली। JSW Steel, SAIL, Adani Enterprises और Vedanta जैसी कंपनियों में भी 3 से 5 फीसदी की मजबूत खरीदारी देखने को मिली।




### 4. ऑटो कंपोनेंट सेक्टर

ऑटो कंपोनेंट सेक्टर की कंपनियों को भी टैरिफ पर रोक से तगड़ा फायदा मिला। अमेरिकी बाजार में इन कंपनियों की बड़ी मौजूदगी है। ऐसे में टैरिफ पर रोक का फैसला इन कंपनियों के लिए अच्छी खबर रही। Sona BLW और Samvardhana Motherson जैसे शेयरों ने 5 से 6 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की।

### 5. एक्वाकल्चर सेक्टर

एक्वाकल्चर सेक्टर यानी झींगा उत्पादन से जुड़ी कंपनियां भी किसी से पीछे नहीं रहीं। Avanti Feeds, Apex Frozen Foods और Coastal Corp जैसे शेयरों में 4 से 9 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। ये सभी कंपनियां अमेरिका में काफी बड़ी मात्रा में झींगा एक्सपोर्ट करती हैं।

### 6. इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर

इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी देखने को मिली। Apple जैसी ग्लोबल कंपनियों के भारत से सोर्सिंग बढ़ाने की खबर और टैरिफ पर रोक ने Kaynes Tech, PG Electroplast और Dixon Technologies जैसे शेयरों को मजबूती दी। PG Electroplast के शेयर 8 प्रतिशत तक उछले, जबकि Dixon टेक में 7 प्रतिशत से अधिक की बढ़त आई। केन्स टेक का शेयर भी 5% तक बढ़ गया।

### 7. टेक्सटाइल सेक्टर

इन सबके साथ टेक्सटाइल सेक्टर भी चमकता हुआ नजर आया। उम्मीद की जा रही है चीन पर लगे 145 प्रतिशत के भारी टैरिफ का फायदा भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों को मिल सकता है। इसके चलते ग्रासिम इंडस्ट्रीज, ट्राइडेंट और वर्धमान टेक्सटाइल्स के शेयरों में 3 से 6 फीसदी की तेजी देखने को मिली। Welspun Living के शेयर सबसे अधिक 9 प्रतिशत तक चढ़े।

### 8. सोलर EPC सेक्टर

अंत में आते हैं सोलर EPC सेक्टर पर। अमेरिकी टैरिफ पर रोक से भारत की सोलर EPC, यानी इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और केंस्ट्रक्शन कंपनियों को लाभ पहुंचने की उम्मीद है। इन कंपनियों की कमाई एक बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार से आता है। इसके चलते प्रीमियर एनर्जीज के शेयरों में 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। वहीं वारी एनर्जीज का शेयर मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।

कुल मिलाकर, ट्रंप के एक फैसले ने आज भारतीय बाजार की दिशा ही पलट दी। निवेशकों को उम्मीद है कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक द्विपक्षीय व्यापारिक समझौता हुआ दिख सकता है, जिससे टैरिफ को लेकर जारी अनिश्चचतता काफी हद तक कम हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो अमेरिकी बाजार से रिश्ता रखने वाले इन सेक्टर्स को और फायदा हो सकता है।

# Pratidinrajdhani.in

**Daily Morning Newspaper & Webportal**

## E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार

**आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री, नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस**

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )

**62629 04444**

ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in



### विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन- 2223699, 2539578, 94252-11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
सामवेद शिखर कॉम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्प्लेक्स, जेल रोड, बेबीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंढरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100263

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विजेता कॉम्प्लेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252-04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268-77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-3/2, शंकरनगर सेक्टर-1, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू सत्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
वाटल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# शरीर में दिखने वाले ये लक्षण हैं दिमाग की बीमारी का संकेत

बढ़ती उम्र में दिमाग से जुड़ी परेशानियों का खतरा बढ़ जाता है। 50 साल की उम्र के बाद अक्सर लोगों को सोचने, समझने और चीजों को याद रखने से जुड़ी समस्याएं होती हैं। दिमाग से जुड़ी समस्याएं खानपान और खराब जीवनशैली के कारण कम उम्र के लोगों में भ देखने को मिलती है। दिमाग से जुड़ी समस्याओं के शुरुआती लक्षणों को पहचानकर सही समय पर इलाज लेने से आप गंभीर परेशानी का शिकार होने से बच सकते हैं। दिमाग से जुड़ी बीमारियों का कोई सटीक इलाज नहीं है, इन बीमारियों को सही समय पर बचाव और जरूरी इलाज से ठीक या कंट्रोल किया जा सकता है। डिमेंशिया, अल्जाइमर समेत दिमाग से जुड़ी कई ऐसी बीमारियां जिनके लक्षण शुरुआत से ही दिखने लगते हैं। एक उम्र के बाद इंसान की मेमोरी, ब्रेन पॉवर कम होने लगती है।




## पैसे गिनते समय गलतियां

दिमाग सही से काम करने पर आप पैसे गिनते समय गलतियां नहीं करते हैं। अगर किसी भी व्यक्ति को लगातार पैसे गिनने में या किसी चीज का हिसाब-किताब करने में परेशानी होती है, तो यह दिमाग से जुड़ी कुछ समस्याओं का संकेत हो सकता है। इस स्थिति को नजरअंदाज करने की जगह तुरंत एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए।

## चीजों को भूलने की समस्या

बढ़ती उम्र में चीजों को याद रखना मुश्किल हो जाता है। अगर कम उम्र में भी चीजों को याद रखने में समस्या हो रही है, तो इसे दिमाग से जुड़ी बीमारी का संकेत माना जाता है। इस स्थिति को भूलकर भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## बातचीत करते समय दिक्कत

डिमेंशिया जैसी समस्या में मरीज को बातचीत करने में भी दिक्कत होती है। अगर कोई भी व्यक्ति लंबे समय से बातचीत करने में परेशानी का शिकार हो रहा है या सही शब्दों का चुनाव नहीं पा रहा है, तो इसे सामान्य नहीं समझना चाहिए। यह स्थिति दिमाग से जुड़ी समस्या का संकेत हो सकती है।

## मूड स्विंग

बार-बार मूड स्विंग या चिड़चिड़ापन होने की स्थिति भी दिमाग से जुड़ी परेशानी का संकेत होती है। इस स्थिति में व्यक्ति सेकंड भर में मूड बदल लेते हैं। किसी भी व्यक्ति में ये लक्षण अगर लंबे समय से दिख रहे हैं, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## व्यवहार में बदलाव

किसी भी व्यक्ति के व्यवहार में अचानक बदलाव चौंकाने वाला होता है। अगर किसी व्यक्ति के व्यवहार में पहले से उलट बदलाव हो रहे हैं, तो इसे दिमाग से जुड़ी समस्या का संकेत माना जाता है।

# पेट की चर्बी कम करने के लिए करें प्लैंक एक्सरसाइज

पेट की चर्बी या फैट कम करना बेहद ट्रिकी होता है। सिंपल एक्सरसाइज और डाइट से ओवरऑल बॉडी फैट तो कम हो जाता है लेकिन जिद्दी पेट के फैट को बर्न करने में काफी परेशानी आती है। पेट की चर्बी कम करने और मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए कई तरह की एक्सरसाइज है। यदि आप एक ऐसे वर्कआउट रूटीन की तलाश कर रहे है, जो न केवल आसान और प्रभावी हो, बल्कि जिसे आप घर या जिम कहीं भी कर सकते है, तो आप प्लैंक ट्राई कर सकते है। प्लैंक एक प्रभावी बॉडीवेट वर्कआउट है, जो कोर को मजबूत, स्थिर और लचीला बनाता है। इसके नियमित अभ्यास से मेटाबॉलिज्म को भी सुधारा जा सकता है। प्लैंक के अलग-अलग वेरिएंट आपके कोर को टार्गेट करने में मदद करते हैं. प्लैंक को यदि सही तरीके से किया जाए, तो एक ही महीने में आपको बेहतर रिजल्ट प्राप्त हो सकते हैं।



## सही पोस्चर जरूरी है

जब आप प्लैंक कर रहे हों, तो आपका पोस्चर बिल्कुल सही होना चाहिए। एक परफेक्ट प्लैंक पोस्चर में आपके पैरों को सीधा, पीठ को जमीन के समानांतर और रीढ़ को सीधा होना चाहिए। आपको अपने घुटने नहीं मोड़ने चाहिए या अपनी पीठ भी नहीं उठानी चाहिए। दोनों बाजू सीधे और फर्श के समानांतर होने चाहिए। इसके अलावा, इसमें अपने ग्लूट्स को शामिल करें, ताकि आप कौलोरी बर्न कर सकें।

## अधिक समय तक करें होल्ड

एक और चीज है जो फायदेमंद हो सकती है वह है समय, यानी कितनी देर तक आप प्लैंक को होल्ड करते हैं। प्लैंक देखने में आसान लगता है लेकिन जब आप इसका अभ्यास करते हैं, तो पूरी बॉडी को इनवॉल्व करना पड़ता है। जब तक आप कर सकते हैं, तब तक प्लैंक को होल्ड करें। ऐसा करने से न केवल आपके पेट की चर्बी कम होगी बल्कि एब्स की मांसपेशियां भी टोन होंगी।

## वैरिएशन ट्राई करें

प्लैंक के कई वैरिएशन हैं, जिन्हें ट्राई करके वजन घटाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। फोरआर्म या फुल प्लैंक हर रोज करना नीरस हो सकता है, इसलिए आप अन्य वैरिएशन ट्राई कर सकते हैं। साइड प्लैंक से लेकर नी प्लैंक और स्ट्रेट आर्म प्लैंक का चुनाव कर सकते हैं। ये सभी एक्सरसाइज काफी इफेक्टिव हैं।

## प्लैंक पोजीशन में मूव करें

प्लैंक पोजीशन को और अधिक डिफिकल्ट बनाने के लिए साइड मूव्स किए जा सकते हैं। इसके अलावा प्लैंक जैक, अप या डाउन प्लैंक और माउंटेन क्लाइंबर वर्कआउट फैट कम करने में मदद कर सकते हैं। इससे ज्यादा से ज्यादा फैट बर्न किया जा सकता है।

# गर्मी में अपने नवजात शिशु की इस तरह करें देखभाल

जैसे-जैसे मौसम में तपिश बढ़ती जाती है, हमारे लिए जरूरी है कि हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान का, अपनी लाइफस्टाइल और खानपान का पूरा ध्यान रखें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो, जिससे तबियत खराब न हो। इसी तरह, नाए जन्मे शिशु को भी स्पेशल केयर की जरूरत होती है। दरअसल, नए जन्मे शिशुओं के लिए बाहरी वातावरण और मौसम बिल्कुल नया होता है। उन्हें बाहरी चीजों के साथ तालमेल बैठाने में मुश्किलें आ सकती हैं। ऐसे में अगर गर्मी में उनकी अच्छी तरह देखभाल न की जाए, तो उनकी भी तबियत बिगड़ सकती है।



## रोजाना बॉडी स्पंज करें

आमतौर पर नवजात शिशुओं को गुनगुने पानी से नहलाया जाता है, क्योंकि उनका शरीर ठंडा पानी सहने के योग्य नहीं होता है। इसके अलावा, शिशुओं को रोजाना नहलाने के बजाय बॉडी स्पंज भी किया जाता है। वैसे, बच्चे को रोजाना भी नहलाया जा सकता है। लेकिन, उसे लंबे समय के लिए पानी में न रखें। ऐसा करने से उसकी तबियत बिगड़ सकती है। आपको चाहिए कि गर्मी में उसे रोजाना कम पानी में नहलाएं।

## शिशु को रखें हाइड्रेटेड

आमतौर छोटे बच्चों को 6 माह तक पानी नहीं दिया जाना चाहिए और 6 माह के बाद उसे ओआरएस का घोल पिला सकते हैं। अगर नवजात शिशु पूरी तरह से अपनी मां पर निर्भर होता है, तो ऐसे में मां को चाहिए कि वह समय-समय पर अपने शिशु को स्तनपान कराती रहें, ताकि उसके शरीर में पानी की कमी न हो। अगर आपका बच्चा 6 माह से बड़ा है और आप उसे बाहरी आहार देती हैं, तो उसे ओआरएस का घोल पिलाएं। साथ ही ये भी नोटिस करें कि वह एक दिन में कितनी बार पेशाब करता है। अगर वह 7-8 बार 24 घंटे के अंदर पेशाब करता है, तो इसका मतलब है कि बच्चे को डीहाइड्रेशन नहीं है। डीहाइड्रेशन होने पर बच्चा पेशाब कम करता है। इसके अलावा, बच्चे को हाइड्रेट रखने के लिए रूम का टेम्प्रेचर भी सही होना चाहिए। कमरे का तापमान 26-28 डिग्री तक रखने की कोशिश करें।

## दोपहर में घर से बाहर न निकलें

जरूरत न होने पर दोपहर के समय नवजात शिशु को लेकर घर से बाहर न निकलें। बाहर की धूप और गर्मी की तपिश न तो शिशु के स्वास्थ्य के लिए सही है और न ही उसकी स्किन के लिए। कई बार ऐसा होता है कि नवजात शिशु को दोपहर में बाहर ले जाया जाए, तो उनकी स्किन झुलस जाती है और शरीर में लाल-लाल चकते हो जाते हैं। कुछ बच्चों को धूप की वजह से रैशेज की समस्या भी होने लगती है। इसलिए, आप कोशिश करें कि बच्चे को लेकर इस समय बाहर न निकलें।

## सूती के कपड़े पहनाएं

गर्मी के दिनों में शिशु को सूती के कपड़े पहनाना बहुत जरूरी होती है। इन दिनों आप उसे किसी ऐसे फैब्रिक के कपड़े न पहनाएं, जिससे उसकी स्किन में प्रॉब्लम हो और वह असहज रहे। ध्यान रखें, नवजात शिशु के लिए सही फैब्रिक चुनना बहुत जरूरी है ताकि गर्मी सहन करने में उसे असुविधा न हो।

## डायपर कम पहनाएं



नवजात शिशु के लिए इन दिनों ज्यादातर महिलाएं डायपरों का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, डायपर की वजह से महिलाओं को काफी राहत हो जाती है और बच्चे का कपड़ा भी बार-बार गीला नहीं होता है। लेकिन, ध्यान रखें कि गर्मी के सीजन में बच्चे को लंबे समय के लिए डायपर पहनाने से स्किन में रैशेज हो सकते हैं, पसीना आ सकता है और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। अगर उसे डायपर की वजह से पसीना आ रहा हो, तो उसकी स्किन को हाथ से थपथपाते हुए पोंछ दें। आपके नए जन्मे शिशु के साथ डायपर की कारण कोई समस्या न हो, इसके लिए आप उसे सिर्फ रात को सोते समय डायपर पहनाएं।

# दवा के साथ भूलकर भी न करें इन चीजों का सेवन, सेहत को हो सकते हैं गंभीर नुकसान

बीमार पड़ने पर हर व्यक्ति दवा का सेवन जरूर करता है। दवाओं का सेवन करने के अलावा डॉक्टर आपको कुछ जरूरी सावधानियों का ध्यान रखने की सलाह भी देते हैं। आप किसी भी तरह की बीमारी या संक्रमण से तब तक नहीं ठीक हो सकते हैं, जब तक आप दवाओं के सेवन के साथ जरूरी सावधानियों का पालन नहीं करते हैं। दवाओं का सेवन करते समय भी कुछ जरूरी सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए। गलत तरीके से दवा का सेवन करने पर आपके शरीर को कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। अगर आप दवाओं के सेवन से जुड़े सही तरीके को फॉलो नहीं करते हैं, तो इससे कई गंभीर परेशानियों का खतरा बढ़ जाता है। दवा का सेवन करते समय आपको खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

शरीर में वायरस, बैक्टीरिया समेत किसी भी तरह का संक्रमण होने पर या गंभीर बीमारी की स्थिति में डॉक्टर मरीज को दवाओं के सेवन की सलाह देते हैं। दवा खाने पर आपके शरीर में इसके कंपाउंड जाते हैं और शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र को काम करने के लिए एक्टिव करते हैं। सही ढंग से दवा का सेवन करने से ही आपको फायदा मिलता है। दवा खाते समय कुछ चीजों का सेवन भूलकर भी नहीं करना चाहिए।



## कैफीन युक्त ड्रिंक्स लेने से बचें

दवा खाते समय या इसके तुरंत बाद कैफीन युक्त ड्रिंक्स का सेवन करने से बचना चाहिए। कॉफी समेत कई तरह की एनर्जी ड्रिंक्स में कैफीन पाया जाता है। इसका सेवन करने से आपके शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं। दवा खाने के कुछ देर बाद तक इनका सेवन नहीं करना चाहिए।

## शराब पीने से बचें

दवा खाने से पहले या इसके बाद शराब का सेवन करने से बचना चाहिए। दवा खाने से पहले या बाद में शराब का सेवन करने से आपको रिएक्शन का सामना करना पड़ सकता है। इसकी वजह से आपके इम्यून सिस्टम पर भी गंभीर असर पड़ता है।

## संतरे का जूस

दवा खाने के तुरंत बाद संतरे का जूस पीने से बचना चाहिए। संतरे में सिट्रिक एसिड होता है और दवा खाने के बाद शरीर में यह जाते ही रिएक्शन करने लगता है। इसलिए दवा खाने के तुरंत बाद संतरे का जूस न पीने की सलाह दी जाती है।

## हरी पत्तेदार सब्जियां

दवा खाने के तुरंत बाद हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से बचना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियों में कई ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर में दवा के साथ नकारात्मक प्रभाव पैदा कर सकते हैं।

## दवा के बाद मुलेठी न खाएं

दवा खाने के तुरंत बाद मुलेठी का सेवन करने से बचना चहिये। मुलेठी में ग्लाइसीरिजिजिन पाया जाता है, इसका सेवन शरीर में दवा के असर को कम कर सकता है।

# पीठ दर्द से रहते हैं परेशान तो रोजाना करें ट्विस्ट योगा, तुरंत दिखने लगेगा असर

बिजी लाइफस्टाइल की वजह से वर्कआउट की अनदेखी और घंटों एक जगह बैठकर काम करने की वजह से आजकल ज्यादातर लोग पीठ दर्द की शिकायत करने लगे हैं। जिससे राहत पाने के लिए लोग कई बार पेनकिलर दवा तक का सहारा ले लेते हैं। ये दवाएं थोड़ी देर तक तो अपना असर बनाए रखती हैं लेकिन दवा का असर खत्म होते ही दर्द वापस रोगी को परेशान करने लगता है। अगर आपका हाल भी कुछ ऐसा ही है तो पीठ दर्द से राहत पाने के लिए दवा नहीं ट्विस्ट योगा का सहारा लें। ट्विस्ट योगा आपकी पीठ दर्द की समस्या को जड़ से दूर करने में आपकी मदद कर सकता है।



**क्या है ट्विस्ट योगा :** ट्विस्ट योगा करते समय रीढ़ की हड्डी को घुमाना होता है, जिसकी वजह से पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव आता है और हड्डियां प्राकृतिक रूप से लचीली बनती है। ट्विस्ट योगा में नमस्कार पार्श्वकोणासन, भारद्वाजासन,अर्ध मत्स्येन्द्रासन, मरीच्यासन और परिवृत्त त्रिकोणासन शामिल होते हैं। इन सभी आसनों को करने के लिए आपको दिनभर में अपने लिए एक घंटा निकालना है।

**ट्विस्ट योगा के लाभ**

- ट्विस्ट योगा करने से रीढ़ की हड्डी में लचीलापन आता है और कमर दर्द से निजात मिलती है।
- अगर आपको पाचन तंत्र से जुड़ी दिक्कत है तो ट्विस्ट योगा आपका पाचन तंत्र सुधारने में मदद कर सकता है। इस योग को करते समय जब आप अपनी बॉडी को ट्विस्ट करते हैं तो इससे आपके डाइजेस्टिव ऑर्गन्स में खिचाव पैदा होता है और जब आप ट्विस्ट पोजीशन से बाहर आते हैं तो डाइजेस्टिव ऑर्गन्स में फ्रेश ब्लड रिलीज होने लगता है। इस फ्रेश ब्लड में फ्रेश ऑक्सीजन और नुट्रिएंट्स होते हैं।
- ट्विस्ट योगा करते समय जब बॉडी को ट्विस्ट किया जाता है तो इससे शरीर में खून का संचार अच्छा होता है और व्यक्ति के शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।

# बवासीर, कब्ज और लू जैसी परेशानियों में करें इमली की छाल का इस्तेमाल, मिलेगा फायदा



इमली का सेवन भारत के लगभग हर हिस्से के लोग करते हैं। ग्रामीण इलाकों में इमली का इस्तेमाल कई तरह की डिशेज बनाने में भी किया जाता है। इमली में मौजूद गुण और पोषक तत्व शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। इमली भले ही स्वाद में खट्टी होती है, लेकिन इसका सेवन लोग बड़े चाव से करते हैं। इमली में विटामिन सी, विटामिन बी, विटामिन ई, थायमिन, राइबोफ्लेविन और फोलेट आदि पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इमली के फल का सेवन करते समय लोग इसकी छाल को फेंक देते हैं। ज्यादातर लोगों को इमली की छाल के गुणों के बारे में जानकारी नहीं है। पुराने समय से ही लोग इमली की छाल का इस्तेमाल कई तरह की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए करते हैं। इमली की छाल के इस्तेमाल के बारे में आयुर्वेद में भी बताया गया है। कई तरह की पारंपरिक चिकित्सा में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है।

**कब्ज से दिलाए छुटकारा :** असंतुलित खानपान और खराब जीवनशैली के कारण कब्ज की समस्या हो सकती है। कमजोर पाचन की वजह से इस समस्या का खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है। कब्ज से छुटकारा पाने के लिए इमली की छाल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। रात के समय इमली की छाल का पाउडर गर्म पानी में मिलाकर पीने से कब्ज में फायदा मिलता है।

**लू से बचाव :** गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने और गर्म हवाओं की वजह से कई गंभीर समस्याएं हो सकती है। गर्मी में लू से बचने के लिए इमली की छाल का सेवन फायदेमंद होता है। इमली की छाल में मौजूद गुण शरीर को हाइड्रेटेड और ठंडा रखने का काम करते हैं। इमली की छाल को पानी में उबालकर पीने से लू लगने का खतरा कम होता है।

**बवासीर में फायदेमंद :** बवासीर से छुटकारा पाने के लिए इमली की छाल का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। बहुत ज्यादा तला-भुना और मसालेदार भोजन करने के कारण आपको पाइल्स हो सकता है। पाइल्स या बवासीर से छुटकारा पाने के लिए इमली की छाल का चूर्ण बनाकर पीने से आपको फायदा मिलता है।

**पाचन तंत्र बनाए मजबूत :** पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भी इमली की छाल का सेवन फायदेमंद होता है। इमली की छाल में मौजूद गुण पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और अपच, कब्ज से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं।

# गर्मियों में सेहत के लिए वरदान से कम नहीं है आइस एप्पल, वेट लॉस के साथ देता है ये फायदे

अगर आप भी गर्मी के बढ़ते तापमान और मोटापे जैसी समस्या से परेशान हैं तो टेंशन छोड़कर अपनी डाइट में आइस एप्पल को जगह दीजिए। जी हां, आइस एप्पल न सिर्फ इस मौसम में आपकी बॉडी को हाइड्रेट और कूल रखेगा बल्कि आपकी वेट लॉस जर्नी में भी मदद करेगा। आइस एप्पल को ताड़गोला नाम से भी जाना जाता है। इस फल में विटामिन बी, आयरन, जिंक, पोटेशियम, फॉस्फोरस, कैल्शियम जैसे कई गुण मौजूद होते हैं, जो सेहत को कई गजब के फायदे पहुंचाते हैं।



## वेट लॉस

आइस एप्पल का सेवन करने से वेटलॉस में काफी मदद मिलती है। इस फल में कैलोरी की मात्रा कम और पानी की मात्रा ज्यादा होने की वजह से यह व्यक्ति का पेट लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। यही वजह है कि लोग इसे अपनी वेट लॉस जर्नी में शामिल करते हैं। इस फल में मौजूद फाइबर पाचन को दुरुस्त करके मेटाबॉलिज्म को ठीक बनाए रखता है।



## बॉडी टेम्परेचर रखें कंट्रोल

आइस एप्पल की तासीर ठंडी होने की वजह से यह शरीर को ठंडा बनाए रखने में मदद करता है। गर्मी में पसीना ज्यादा आने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। जिसकी वजह से त्वचा में जलन और डिहाइड्रेशन की समस्या पैदा होने लगती है। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आइस एप्पल का सेवन बेहतरीन उपाय हो सकता है।

## वाइट डिस्चार्ज की समस्या

महिलाओं को वाइट डिस्चार्ज होने पर कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आइस एप्पल नाम का यह फल आपकी इस समस्या का भी समाधान करता है। इस फल में मौजूद फॉस्फोरस और कैल्शियम की भरपूर मात्रा इस समस्या में राहत देती है।

## डायबिटीज

आइस एप्पल का ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी कम होने की वजह से यह डायबिटीज कंट्रोल करने में भी मदद करता है। डायबिटीज रोगी इस फल का सेवन करके अपनी इम्यूनिटी को भी बूस्ट कर सकते हैं।



## त्वचा से जुड़ी समस्याएं

एप्पल आपकी त्वचा का भी खास ख्याल रखता है। इस फल को खाने से चकते और घमौरी जैसी त्वचा से जुड़ी समस्याओं से बचा जा सकता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा की सूजन और जलन को कम करने में मदद कर सकते हैं।



## यून सुक येओल ने छोड़ा राष्ट्रपति निवास, निजी घर के लिए रवाना होते हुए समर्थकों को लगाया गले

सियोल।

दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति निवास छोड़ दिया। वह अपनी पत्नी किम कीन ही, 11 कुत्तों और बिल्लियों के साथ समृद्ध दक्षिणी सियोल स्थित अपने निजी निवास लौट गए। वह राष्ट्रपति निवास से काली वैन में सवार होकर निकले। जैसे ही वैन गेट पर पहुंची, उनके समर्थकों ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान यून ने मुस्कुराते हुए समर्थकों की ओर हाथ हिलाया, हाथ मिलाया और गले मिले। फिर गाड़ी में सवार होकर वहां से निकल गए।

बता दें कि एक सप्ताह पहले संविधानिक न्यायालय ने दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के कारण यून सुक को राष्ट्रपति पद से हटा दिया था। जनवरी में हन्नाम-डोंग जिले में स्थित राष्ट्रपति परिसर को कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने घेर लिया था और यून को हिरासत में लिया था। विद्रोह के आरोपों में आपराधिक मुकदमे का सामना कर रहे यून सुक की सियोल की अदालत ने गिरफ्तारी रद्द कर दी थी, जिसके बाद मार्च में उन्हें हिरासत से रिहा कर दिया गया था।

# सीनेट ने जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के नाम को दी मंजूरी, लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन को मिली जिम्मेदारी

वॉशिंगटन।

अमेरिकी सीनेट ने जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के पद पर लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन के नाम को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा नामित लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन अमेरिका के अगले जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ होंगे। यह पद बीते दो महीने से खाली था क्योंकि पूर्व जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ को राष्ट्रपति ट्रंप ने बर्खास्त कर दिया था। नए जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ अमेरिकी वायुसेना के प्रतिष्ठित एफ-16 फाइटर प्लेन के पायलट रहे हैं।

अमेरिकी वायुसेना के शीर्ष अधिकारी रहे हैं केन

लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन कई विशेष कमांड का नेतृत्व भी कर चुके हैं। इनमें से कुछ पेंटागन के कुछ खुफिया ऑपरेशन भी हैं। हालांकि वे साल 1986 में बने कानून के तहत जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ बनने की योग्यता को पूरा नहीं करते हैं, लेकिन अमेरिका में प्रावधान है कि देशहित को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति कुछ नियमों में छूट दे सकते हैं। लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन की नियुक्ति की पुष्टि ऐसे समय हुई है, जब दो महीने पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्व जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर को पद से हटा दिया था।

दरअसल जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर सेना की विभिन्न रैंक में समानता, विविधता का समर्थन करते हैं। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इससे नाराज होकर उन्हें पद से हटा दिया था। ट्रंप पहले ही अमेरिका में समानता और विविधता कार्यक्रम को बंद करने का आदेश दे चुके हैं। सीनेट ने 60-25 मतों से लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन के नाम पर सहमति जताई।



## नेपाल में राजशाही समर्थक दुर्गा परसाई गिरफ्तार, हिंसक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आरोप

काठमांडू।

नेपाल पुलिस ने 28 मार्च को काठमांडू में हुए राजशाही समर्थकों के हिंसक प्रदर्शन के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि काठमांडू के तिनकुने में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन में शामिल दुर्गा परसाई को उसके बॉडीगार्ड के साथ भारत की सीमा से लगे झापा जिले से पकड़ा गया। परसाई पर राजकीय और संगठित अपराध में शामिल होने का आरोप है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक परसाई को असम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था और नेपाल पुलिस को सौंप दिया। जो उसे झापा ले आई। हालांकि नेपाल और भारत के बीच कोई प्रत्यर्पण संधि प्रभावी नहीं है। इसलिए असम में परसाई की गिरफ्तारी का खुलासा नहीं किया गया है।

इससे पहले विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के आरोप में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के महासचिव धवल शमशेर राणा और उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा सहित पांच दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने इनके खिलाफ राज्य अपराध और संगठित अपराध के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और



काठमांडू जिला न्यायालय के आदेश पर उन्हें न्यायिक रिमांड पर ले लिया है। वहीं आरपीपी इन नेताओं और कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई की मांग कर रही है।

### हिंसा में दो लोगों की गई जान

पिछले महीने नेपाल में हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से एक प्रदर्शनकारी और एक पत्रकार शामिल है। हिंसा इस कदर नियंत्रण से बाहर हो गई थी कि हिंसा प्रभावित इलाकों में कर्फ्यू लगाना पड़ा और सेना की तैनाती करनी पड़ी। यह हिंसा नेपाल में फिर से राजशाही की मांग को लेकर हुई।

आंदोलनकारियों का दावा है कि संवैधानिक राजशाही हिंदू राष्ट्र की बहाली ही देश की समस्याओं का समाधान है। नेपाल में साल 2006 से पहले राजशाही शासन था।

विरोध के बाद राजा ज्ञानेंद्र को सत्ता छोड़नी पड़ी थी। इसके बाद सभी अधिकार संसद को सौंप दिए गए और नेपाल में साल 2008 में 240 साल पुराना राजशाही शासन खत्म हो गया। अब राजशाही को वापस लाने की मांग फिर से जोर पकड़ रही है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वास्थ्य की होगी जांच

• पहली बार ट्रंप की सेहत की जानकारी आएगी सामने

वॉशिंगटन।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्वास्थ्य की शुक्रवार को जांच होगी। ऐसा पहली बार होगा जब अमेरिकी इतिहास के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति के सेहत की जानकारी सामने आएगी। वार्षिक स्वास्थ्य जांच से पहले ट्रंप ने कहा कि मैंने पहले कभी इतना बेहतर महसूस नहीं किया, लेकिन फिर भी ये चीजें जरूर की जानी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सेहत को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन उन्होंने कभी अपने स्वास्थ्य को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। अब उनकी पारंपरिक स्वास्थ्य जांच के बाद आने वाली रिपोर्ट से कुछ जानकारी मिलने की



संभावना है। अफसरों ने बताया कि ट्रंप के स्वास्थ्य की जांच वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में होगी। कुछ समय पहले टेक्सास के प्रतिनिधि रोनी जैक्सन ने मजाक में कहा था कि अगर ट्रंप स्वस्थ आहार लें तो 200 साल तक जीवित रह सकते हैं। पिछले साल अगस्त में ट्रंप ने कहा था कि वह बहुत खुशी से अपने मेडिकल रिकॉर्ड जारी करेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा कभी नहीं किया। 2021 में जब ट्रंप का वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था तो सामने आया था कि उनका स्वास्थ्य बेहतर था। सारे परीक्षण सामान्य थे। मगर ट्रंप ने अपना वजन कम कर लिया था। 2020 में कोरोना वायरस से पीड़ित होने के बाद ट्रंप का वाल्टर रीड में इलाज किया गया था। तब ट्रंप के चिकित्सक ने उनकी स्थिति बेहतर बताई थी। उनके ठीक होने के बाद पता लगा कि ट्रंप जितना बता रहे थे.



## अमेरिका में हेलीकॉप्टर क्रैश; छह लोगों की मौत; हडसन नदी में मिले शव और विमान का मलबा

न्यूयॉर्क । अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में हेलीकॉप्टर दुर्घटना की खबर सामने आ रही है। यहां हडसन नदी में हुए हेलीकॉप्टर दुर्घटना में स्पेन के एक पर्यटक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर गुरुवार को मैनहट्टन के पास नदी में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। अग्निशमन विभाग ने इस हादसे के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उसे दोपहर 3:17 बजे पानी में एक हेलीकॉप्टर की सूचना मिली थी। जिसके बाद हम मौके पर पहुंचे।

**स्पेन के पर्यटक परिवार की मौत**

मामले में अधिकारियों ने बताया कि एक हेलीकॉप्टर मैनहट्टन और न्यू जर्सी तट के बीच हडसन नदी में गिर गया, जिससे स्पेन के पर्यटकों के एक परिवार की मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने बताया कि यह हेलीकॉप्टर दोपहर करीब 3 बजे एक हेलीपोर्ट से उड़ा था और दुर्घटना के बाद मृतकों को नदी से निकाला गया।

**सोशल मीडिया पर सामने आया वीडियो**

वहीं, सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में विमान को पानी में उल्टा लटका हुआ दिखाया गया है। अग्निशमन विभाग ने कहा कि बचाव अभियान चलाने के लिए घटनास्थल पर कई बचाव नौकाएँ मौजूद थीं। वीडियो में विमान के चारों ओर चक्कर लगाते हुए कई बचाव नौकाएं देखी गई।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने दी जानकारी**

साथ ही मामले में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर हवा में टूटकर गिरा और इसका टेल और प्रोपेलर अलग हो गए थे। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हेलीकॉप्टर अनियंत्रित होकर गिर रहा था, और उसमें से बहुत धुआं निकल रहा था। बता दें कि संघीय उड्डयन प्रशासन ने हेलीकॉप्टर की पहचान बेल 206 के रूप में की, जो वाणिज्यिक और सरकारी विमानन में इस्तेमाल होने वाला एक सामान्य मॉडल है।

**इस साल अब तक कई विमान दुर्घटनाएं**

अमेरिका में इस साल अब तक कई विमान दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके मंत्रिमंडल की ओर से संघीय एजेंसियों में कटौती शुरू करने के बाद से ऐसे कई हादसे सामने आ चुके हैं। बताया जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन के लागत-कटौती उपायों के तहत हवाई सुरक्षा में सहायता करने के लिए जिम्मेदार सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

**फरवरी में हुआ था भीषण विमान हादसा**

इससे पहले फरवरी में विचिटा, कंसास से 64 लोगों को लेकर आ रहा अमेरिकन एयरलाइंस का विमान सेना के उस ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया था, जो प्रशिक्षण मिशन पर था और उसमें तीन सैनिक सवार थे। टक्कर के कारण दोनों विमान पोटोमैक नदी में गिर गए थे। हादसे में लिलबर्न, जॉर्जिया के सेना स्टाफ सार्जेंट रेयान ऑस्टिन ओहारा (28), ग्रेट मिल्स, मेरीलैंड के चीफ वारंट ऑफिसर 2 एंड्रयू लोयड ईव्स (39) और डरहम, उत्तरी कैरोलिना के कैप्टन रेबेका एम. लोबाच की मृत्यु हो गई थी। यात्री विमान में भी किसी की जान नहीं बच सकी थी।

# 'मुंबई हमले के आतंकियों को निशान-ए-हैदर दिलाना चाहता था राणा', अमेरिकी न्याय विभाग का दावा

नई दिल्ली।

मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के बाद अमेरिकी न्याय विभाग ने बयान जारी किया है। इस बयान में अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा है कि यह मुंबई हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में अहम कदम है। तहव्वुर राणा को लेकर एनआईए की एक टीम गुरुवार शाम ही भारत पहुंची है। जहां तहव्वुर राणा को दिल्ली की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से राणा को 18 दिन की एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया है।

बयान में कहा गया है कि तहव्वुर राणा ने डेविड हेडली को भारत का वीजा दिलाने और मुंबई में आतंकी हमले की जगहों की रेकी करने में मदद की थी। अमेरिकी न्याय विभाग ने बताया कि तहव्वुर राणा और डेविड हेडली की बातचीत में राणा ने कहा था कि भारतीय ऐसे हमले के हकदार हैं। इतना ही नहीं उसने मुंबई में हमला करने वाले आतंकियों की तारीफ की थी और उन्हें पाकिस्तान का सर्वोच्च सैन्य सम्मान निशान ए हैदर दिलाने की भी मांग की थी।

### अमेरिकी न्याय विभाग ने क्या कहा

अमेरिकी न्याय विभाग ने बयान में कहा है कि 'अमेरिका ने बुधवार को



आतंकवादी तहव्वुर हुसैन राणा, जो एक कनाडाई नागरिक और पाकिस्तान का मूल निवासी है, को भारत प्रत्यर्पित कर दिया है। साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों में उसकी कथित भूमिका से जुड़े 10 आपराधिक आरोपों में मुकदमे का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित किया गया है।

तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण उन छह अमेरिकियों और कई अन्य पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मुंबई केजघन्य हमले में मारे गए थे। 9 अप्रैल को अमेरिकी मार्शल सेवा ने राणा को भारत ले जाने के लिए भारतीय अधिकारियों को सौंपा। राणा का प्रत्यर्पण अब पूरा हो गया है।'

### एनआईए ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर कही ये बात

एनआईए की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि, 'राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 2008 के 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित कर लिया गया है। कई वर्षों की कानूनी लड़ाई और दोनों देशों के बीच लगातार प्रयासों के बाद यह प्रत्यर्पण संभव हो पाया।' तहव्वुर राणा को अमेरिका में भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत हिरासत में लिया गया था। उसके खिलाफ भारत की तरफ से जारी किए गए प्रत्यर्पण वारंट के बाद यह प्रक्रिया शुरू हुई। राणा ने अमेरिकी अदालतों में कई अपीलें दायर की ताकि वो प्रत्यर्पण से बच सके, लेकिन अंततः उसे सभी कानूनी विकल्पों में असफलता मिली। इसके बाद अमेरिका सरकार ने भारत को राणा को सौंपने की अनुमति दी।

## इस्राइली सेना ने 10 और फलस्तीनियों को किया रिहा, उम्मीद में बैठे परिजनों में दौड़ी खुशी की लहर

**गाजा।** गाजा में जारी भीषण संघर्ष के बीच इस्राइली सेना ने गुरुवार को गाजा से हिरासत में लिए गए 10 फलस्तीनियों को रिहा कर दिया। इन सभी को एक बस के जरिए गाजा के मध्य शहर देइर अल-बलाह के अस्पताल लाया गया, जहां कई सप्ताहों से इंतजार में बैठ इन फलस्तीनियों के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। रिहा किए गए लोगों ने बताया कि हिरासत में उनके साथ बहुत



बुरा व्यवहार हुआ। साथ ही कुछ ने यह भी कहा कि उन्हें कई दिनों तक बिना किसी कारण के बंद रखा गया।

बता दें कि इस्राइल ने 7 अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के जवाब में गाजा में सैन्य अभियान शुरू किया था। इसके बाद से अब तक हजारों फलस्तीनियों को हिरासत में लिया जा चुका है। हालांकि, बीच-बीच में कुछ लोगों को रिहा भी किया गया है।

## कांगो में शांति की उम्मीद: कतर में सरकार और विद्रोहियों के बीच अहम वार्ता, संघर्ष में अबतक लाखों लोग विस्थापित

**दोहा।** पूर्वी कांगो में फैले अशांति के बीच कांगो और रवांडा समर्थित एम23 विद्रोही समूह के प्रतिनिधि कतर की राजधानी दोहा में शांति वार्ता कर रहे है। यह वार्ता पूर्वी कांगो में शांति लाने के लिए की जा रही है, जहां कई सालों से लड़ाई चल रही है और हाल ही में हालात और भी बिगड़ गए हैं। बता दें कि बीते महीने जनवरी में एम23 विद्रोहियों ने कांगो के गोमा शहर पर कब्जा कर लिया था। वहीं एक महीने के बाद फरवरी में बुकावु शहर भी अपने नियंत्रण में ले लिया, जिसके बाद संघर्ष और तेज हो गया। इस लड़ाई में अब तक लगभग 3,000 लोग मारे जा चुके हैं और 70 लाख से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।

### कांगो सरकार और विद्रोहियों की मांग

बुधवार को कांगो सरकार और



एम23 के प्रतिनिधियों की दोहा में मुलाकात हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह बातचीत गोपनीय रखी गई है और इसमें शामिल कुछ अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर जानकारी दी।एम23 की ओर से बातचीत का नेतृत्व बर्टेंड बिसिमवा कर रहे हैं। वहीं कांगो सरकार की टीम में ज्यादातर लोग राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हैं, जो चाहते हैं कि विद्रोही अपने कब्जे वाले इलाकों से पीछे हटें। वहीं विद्रोहियों की मांग है कि कांगो सरकार एम23 के सदस्यों के खिलाफ चल रही मौत की सजा और केस खत्म करे।

गौरतलब है कि एम23 एक ऐसा विद्रोही समूह है जो कांगो के खनिजों से भरपूर इलाकों में नियंत्रण के लिए लड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक एम23 को रवांडा की सेना का भी समर्थन मिल रहा है। कई बार उन्होंने कांगो की राजधानी किंशासा तक जाने की धमकी भी दी है। वहीं कांगो के कुछ नेता मानते हैं कि अमेरिका के साथ खनिज समझौते और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध भी इस संघर्ष को रोकने में मदद नहीं कर पाए हैं।

### 70 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार इस संघर्ष में 70 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। साथ ही यह दुनिया के सबसे बड़े मानवीय संकटों में से एक बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के अनुसार, एम23 विद्रोहियों को रवांडा से 4,000 सैनिकों का समर्थन प्राप्त है। इसके अलावा, दोनों पक्षों पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप भी लगाए गए हैं, जिनकी जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र ने एक आयोग गठित किया है।

## 'मार्टिन लूथर किंग और कैनेडी हत्याकांड के दस्तावेज जल्द होंगे सार्वजनिक', तुलसी गबार्ड ने दी जानकारी



**वाशिंगटन।** अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर और सीनेटर रॉबर्ट एफ कैनेडी की 1968 में हुई हत्याओं से जुड़े गोपनीय दस्तावेज जल्द ही सार्वजनिक किए जा सकते हैं। यह जानकारी अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने दी है। उन्होंने बताया कि इन ऐतिहासिक दस्तावेजों को स्कैन करने के लिए 100 से ज्यादा लोग दिन-रात काम कर रहे हैं।

### कैबिनेट बैठक में गबार्ड ने दी जानकारी

गबार्ड ने एक कैबिनेट बैठक में कहा कि ये दस्तावेज दशकों से बक्सों में बंद थे और इन्हें पहले कभी स्कैन नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि हम इन्हें जल्द ही जारी करने के लिए तैयार हो जाएंगे। बैठक में मौजूद स्वास्थ्य सचिव और रॉबर्ट एफ कैनेडी के बेटे, रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर ने इस कदम का स्वागत किया और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इसके लिए धन्यवाद दिया।

हालांकि ट्रंप ने भी इस मामले में जोर देते हुए कहा कि हम सब कुछ सार्वजनिक करना चाहते हैं, क्योंकि दुनिया को सच्चाई जानने का हक है। बता दें कि ट्रंप ने जनवरी में अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभालने के साथ ही एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें हत्याओं से संबंधित सरकारी दस्तावेजों को जारी करने का आह्वान किया गया था।

### अन्य दस्तावेजों की भी हो रही जांच

गबार्ड ने बताया कि एक विशेष टास्क फोर्स भी बनाई गई है, जो यह तय करेगी कि क्या कोविड-19 की उत्पत्ति, ऑनलाइन भाषण पर नियंत्रण और हवाना सिंड्रोम जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों से जुड़े दस्तावेज भी सार्वजनिक किए जाएं। इसको लेकर गबार्ड ने बताया कि एफबीआई, सीआईए और अन्य एजेंसियों के गोपनीय दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है, ताकि और जानकारी मिल सके।

गौरतलब है कि मार्टिन लूथर किंग जूनियर की 4 अप्रैल 1968 को टेनेसी के मेम्फिस में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं, रॉबर्ट एफ कैनेडी की हत्या 5 जून 1968 को लॉस एंजेल्स में उस वक्त की गई, जब वे राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में आगे बढ़ रहे थे।

# छग अनियमित कर्मचारी संघ का 13 अप्रैल को जंगी प्रदर्शन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के (1) नियमितीकरण/स्थायीकरण, (2) निकाले गए कर्मचारियों की बहाली, (3) न्यून मानदेय कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिए जाने, (4) अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने, (5) आउट सोर्सिंग/ठेका/सेवा प्रदाता/समूह-समिति के माध्यम से नियोजन सिस्टम बंद करने को लेकर अनियमित कर्मचारी 13 अप्रैल 2025 रविवार को तुता नवा रायपुर में जंगी प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री निवास घेराव करेगा।



भारतीय जनता पार्टी जब विपक्ष में थे तो उनके अनेक वरिष्ठ नेता/जनप्रतिनिधियों ने हमारे मंच में आकर हमारी समस्याओं को सुना एवं अनियमित कर्मचारियों की समस्याओं को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर इनका यथाशीघ्र निराकरण करने की बात कही थी तथा छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 पत्र के वचनबद्ध सुशासन अंतर्गत बिंदु क्र. 2 में एक कमिटी गठित कर कमेटी में अनियमित कर्मचारियों को सम्मिलित करते हुए समीक्षात्मक प्रक्रिया प्रारंभ करने का उल्लेख किया है। लेकिन कमेटी गठन आदेश अनियमित कर्मचारियों का कोई उल्लेख नहीं होने एवं कमिटी में अनियमित संघो के पदाधिकारियों को सम्मिलित नहीं करने से विरोधाभाष है।

सरकार इन 1.5 वर्ष वर्षों में अनियमित कर्मचारियों के कुछ नहीं किया। वादा के विपरीत अनियमित कर्मचारियों की छटनी की जा रही है, अनेक विभागों में वेतन लंबित है, संविदा वेतन अनुसार वेतन नहीं दिया जा रहा है, न्यूनतम वेतन में विगत 8 वर्षों से वृद्धि नहीं की गई है, अनेक विभाग में श्रम सम्मान राशी नहीं दी जा रही है। अनियमित संघो के पदाधिकारियों ने अपने मांगो/समस्याओं को लेकर निरंतर आवेदन निवेदन करते आ रहे है, साय सरकार से काफी उम्मीद था परन्तु सरकार अनदेखी से अनियमित कर्मचारी आहत एवं आक्रोशित है।

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के बेनर तले 13 अप्रैल 2025 को रायपुर में जंगी प्रदर्शन करेगा। इस प्रदर्शन में प्रदेश के 50 से अधिक अनियमित संगठनों के 10 हजार से अधिक अनियमित कर्मचारी सम्मिलित होंगे। प्रदेश के अनियमित कर्मचारी एवं अनियमित संघों के पदाधिकारियों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँच का अपनी आवाज बुलंद करें।

# जगद्गुरु शंकराचार्य का रायपुर आगमन आज

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंद: सरस्वती जी महाराज का 12 अप्रैल को एक दिवसीय रायपुर आगमन हो रहा है। उनके मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने जानकारी दी कि स्वामिश्री: प्रयागराज से दोपहर 12:30 बजे रायपुर विमानतल पहुंचेंगे, जहाँ भक्तों द्वारा उनका भव्य स्वागत और दर्शन का आयोजन होगा निमोरा में महायज्ञ की पूर्णाहुति में होंगे शामिल – शंकराचार्य दोपहर 1 बजे ग्राम निमोरा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहाँ 'अभिषेकात्म होमात्मक अतिरुद्र महायज्ञ' की पूर्णाहुति में भाग लेंगे। मंच पर पादुकापूजन के बाद वे आशीर्वचन भी देंगे।



आयोजन समिति द्वारा विशेष स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। कथा व्यास पर आचार्य प्रमोद शास्त्री जी महाराज एवं यज्ञाचार्य श्रीराम प्रताप शास्त्री जी महाराज द्वारा संपन्न कराया जाएगा! इस अवसर पर शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर के दंडी स्वामिश्री: डॉ इन्दुभवानंद: तीर्थ जी महाराज, दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानन्द: सरस्वती जी महाराज सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा व ज्योतिर्मठ सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय विशेष रूपसे उपस्थित रहेंगे! शंकराचार्य आश्रम में रात्रि विश्राम –सायंकाल 5 बजे वे शंकराचार्य आश्रम, बोरियाकला (रायपुर) के लिए रवाना होंगे। यहाँ वे भगवती दर्शन और पादुकापूजन पश्चात भक्तों को आशीर्वचन देंगे और आश्रम में रात्रि विश्राम करेंगे। 13 अप्रैल को प्रात: 7 बजे वे प्रयागराज के लिए विमान से प्रस्थान करेंगे।

# क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुत जयवदन इंगले ने पदभार सहाला

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

केन्द्रीय कार्यालय के आदेशानुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर में जयवदन इंगले, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 ने आज दिनांक 11.04.2025 को नए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त वर्ग-1 के रूप में पदभार ग्रहण किया।

एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नए भविष्य निधि आयुक्त के पदभार ग्रहण करने पर उनका स्वागत करते हुए श्री जयवदन इंगले के मुख्यालय एवं अन्य कार्यालयों के कार्य अनुभव का लाभ लेते हुए इस कार्यालय को सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने के संबंध में शुभकामनाएँ दी ।



इस अवसर पर श्री जयवदन इंगले, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। का कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया एवं श्री जयवदन इंगले, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को कर्मचारी भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं अन्य जानकारियों से अवगत कराया गया साथ ही कार्यालयीन कर्मचारियों से परिचय भी करवाया गया जिसमें श्री जयवदन इंगले ने कर्मचारियों के साथ चर्चा की तथा कार्य निष्पादन में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी ली । अपने संक्षिप्त उद्बोधन में श्री जयवदन इंगले ने पूर्व आयुक्त श्री अभिषेक कुमार के कार्यकाल में प्राप्त सफलताओं को आधार बनाकर क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में संसाधनों को मजबूत करते हुए अंशदाताओं को बेहतर सेवाएँ देने के संबंध में आशा व्यक्त की और सहयोग एंव सहकारिता से कार्यालय को सफलता की नवीन ऊंचाईयों पर ले जाने के संबंध में विश्वास व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्री गौरव डोगरा, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-।। एवं श्री सुनील कुमार, श्री सुधांशु निकेतन मिश्रा, सहायक भविष्य निधि आयुक्त एवं श्री विकास शुक्ल, सहायक निदेशक (राजभाषा) उपस्थित थे।

# वन मंत्री केदार कश्यप ने बयानार में किया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण

## क्षेत्रवासियों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज शुक्रवार को कोण्डागांव जिले के दूरस्थ गांव बयानार में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को कुल 03 करोड़ 05 लाख 65 हजार रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें प्रमुख रूप से बयानार में 103.99 लाख रुपए के सीएसआर मद अंतर्गत निर्मित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र भवन का लोकार्पण और 201.66 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। वन मंत्री श्री कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि इस भवन के लोकार्पण से स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। साथ ही विभिन्न निर्माण कार्यों से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में जिले में भी स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आज ग्राम बयानार को एक नई सौगात के रूप में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के नए भवन की सुविधा प्राप्त हुई है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिले के अंतिम छोर पर स्थित इस गांव में चिकित्सा केंद्र भवन के लोकार्पण से आसपास के 21 गांवों के लगभग 15 हजार से अधिक ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। इस नवीन भवन के आरंभ होने से न केवल दवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि पहले से अधिक मरीजों का इलाज हो सकेगा। ग्राम बयानार में चिकित्सा केंद्र के नए भवन बनने से क्षेत्रवासियों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण है।

### 201.66 लाख के भूमिपूजन की सौगात

वन मंत्री श्री कश्यप ने क्षेत्रवासियों को 201.66 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी दी है, जिसमें विधायक निधि से विभिन्न निर्माण कार्य और नलकूप खनन का कार्य शामिल है।

# नवा रायपुर में ई-ऑटो सेवा शुरू

## सीएम साय ने ई-ऑटो सेवा का किया शुभारंभ | 40 महिलाओं को मिला रोजगार



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर में एक नई पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सेवा–ई–ऑटो सेवा–का शुभारंभ किया। यह सेवा नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के सहयोग से शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल एक परिवहन सेवा का शुभारम्भ नहीं, बल्कि महिलाओं के स्वावलंबन और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य सरकार का एक सशक्त प्रयास है।

ई–ऑटो सेवा का संचालन महिला स्व–सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा, जिसमें 3 क्लस्टरों के 15 ग्राम संगठनों की कुल 40 महिला सदस्य शामिल हैं।



यह ई–ऑटो सेवा 130 किलोमीटर के दायरे में आवासीय क्षेत्रों, कार्यालयों, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और जंगल सफारी जैसे प्रमुख स्थानों को जोड़ेगी।

'लखपति दीदी योजना' के तहत यह पहल 40 महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। महिलाओं की मासिक आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। यह सेवा आने वाले समय में स्थानीय परिवहन के क्षेत्र में एक मॉडल बनकर उभरेगी, जिससे नवा रायपुर के निवासियों को सुविधाजनक, किफायती और प्रदूषण रहित परिवहन सुविधा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ. पी. चौधरी, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, एनआरडीए के सीईओ सौरभ कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कवासी लखमा की न्यायिक रिमांड 14 दिन बढ़ी

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को आज रायपुर की EOW (आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो) की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद लखमा को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजने का आदेश



दिया। अब वे 25 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे।

यह मामला 2,161 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले से जुड़ा है, जिसमें लखमा पर गंभीर आरोप हैं। EOW की जांच में लखमा की भूमिका की गहन पड़ताल की जा रही है। इस मामले में इससे पहले भी लखमा से कई बार पूछताछ हो चुकी है, और उनकी जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

# झूठे संदेश देकर अब्बा हुजूर ट्रेडमार्क का दुरुपयोग

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर के एक चावल व्यापारी द्वारा भव्यश्री अब्बा हुजूर ब्रांड नाम के संबंध में एक गंभीर अपराध किया गया है, जो जाहिर तौर पर मिर्यालगुडा के एक चावल मिल मालिक संतोष रेड्डी गंधा का है, जो मेसर्स वसंता राइस इंडस्ट्रीज और मेसर्स भव्यश्री सिल्की सॉर्टेक्स राइस इंडस्ट्रीज, मिर्यालगुडा, तेलंगाना के नाम से फर्म चलाते है।




बता दें कि रायपुर के मेसर्स आराध्या एग्रोटेक ने नरेंद्र खेतपाल और किशन खेतपाल के माध्यम से भव्यश्री अब्बा हुजूर ट्रेडमार्क का दुरुपयोग करके जानबूझकर शिकायतकर्ता को बदनाम किया है। फरवरी 2025 में खेतपाल ने मिर्यालगुडा और हैदराबाद में शिकायतकर्ता से संपर्क किया और चावल मिल व्यापारियों के समूहों और ग्राहकों में व्हाट्सएप पर झूठे संदेश प्रसारित करके ब्रांड नाम को बदनाम करने की कोशिश की और उसके बाद अवैध संदेशों के उक्त प्रसार को बंद करने के लिए शिकायतकर्ता से 1 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। पिछले कुछ महीनों से आरोपी खेतपाल शिकायतकर्ता द्वारा शुरू किए गए अब्बा हुजूर ब्रांड नाम के अधिकारों का दावा कर रहा था। आरोपी ने अपने बेटे और अन्य चावल मिलर्स के साथ मिलकर शिकायतकर्ता को अब्बा हुजूर ब्राड नाम की साख और प्रतिष्ठा को बदनाम करने के लिए धमकाया जो पूरे भारत में अपनी गुणवत्ता के लिए जाना जाता है और केवल शिकायतकर्ता का है। खेतपाल ने शिकायतकर्ता को महीनों तक लगातार धमकाया कि वह ब्रांड नाम खरीद ले, नहीं तो वह शिकायतकर्ता के ब्रांड नाम और प्रतिष्ठा को बदनाम कर देगा।

खेतपाल द्वारा ट्रेडमार्क के इस तरह के दुरुपयोग, शोषण और धन उगाही ने शिकायतकर्ता को मिर्यालगुडा, तेलंगाना में आरोपी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए मजबूर किया, जिसने अब शिकायतकर्ता के व्यवसाय में बाधा डालने और शिकायतकर्ता को परेशान करने के लिए मेसर्स शारदा राइस मिल के साथ मिलकर काम किया है। यह जानबूझकर किया गया कृत्य बौद्धिक संपदा कानूनों का दुरुपयोग और जबरन वसूली और धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं के तहत आपराधिक अपराध है, इसलिए तेलंगाना राज्य के पुलिस अधिकारी खेतपाल की गिरफ्तारी और आगे की जांच के लिए रायपुर, छत्तीसगढ़ पहुंच गए हैं, जिन्होंने चिकित्सा आधार पर जमानत के लिए आवेदन किया था।

सूत्रों के अनुसार, बाहों का दुरुपयोग और धन उगाही के लिए शोषण एक नई व्यावसायिक रणनीति बनती जा रही है, जिसके लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता है।

# हैप्पी होम की आड़ में करोड़ों की ठगी




महासमुंद (प्रतिदिन राजधानी)

जिले से एक सनसनीखेज घोटाला सामने आया है, जहां 'हैप्पी होम हॉलीडेज प्राइवेट लिमिटेड' नाम की कंपनी ने जमीन, वेकेशन पैकेज और गोल्ड क्वाइन के नाम पर आम नागरिकों के साथ करोड़ों की ठगी की। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस ठगी का पर्दाफाश करने वाले पत्रकारों को ही अब झूठे केस में फंसाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। सपने दिखाकर जेब काटने वाली स्कीम : कंपनी द्वारा लोगों को सुनहरे सपने दिखाए गए – महंगे वेकेशन पैकेज, सोने के सिक्के और जमीन में निवेश का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूली गई। पर हकीकत में न तो वेकेशन मिला, न गोल्ड क्वाइन और न ही वैध प्लॉट! नाम बदला, धंधा वही : पुरानी कंपनी पर भी दर्ज हैं आपराधिक मामले : जांच में सामने आया है कि इस ठगी के मास्टरमाइंड सुरज वासे पहले 'डिजायर ताज वेकेशन' नामक कंपनी में भी इसी तरह की ठगी कर चुके हैं। उनके खिलाफ पहले से ही कई जगहों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत मामले दर्ज हैं। अब उन्हीं लोगों ने नाम बदलकर 'हैप्पी होम' के नाम से फिर से ठगी का नया तंत्र खड़ा कर लिया है। सच दिखाया तो गुनहगार बन गए पत्रकार : इस गिरोह की सच्चाई जब उजागर हुई, तो कंपनी के डायरेक्टर सुरज वासे ने उल्टा पत्रकारों के खिलाफ ही महासमुंद थाने में झूठी शिकायत दर्ज करा दी। यह घटना न केवल पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार आवाज़ों को डराने की कोशिश भी।

# वक्फ संपत्तियों का निरीक्षण करने 7 सदस्यीय दिल्ली टीम रायपुर पहुंची



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ में वक्फ संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद, वक्फ बोर्ड की गतिविधियाँ तेज़ हो गई हैं। हाल ही में, भारत सरकार की 10 सदस्यीय टीम दिल्ली से रायपुर पहुंची है, जो वक्फ संपत्तियों का निरीक्षण कर रही है। इस टीम के साथ छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज भी मौजूद हैं, और टिकरापारा स्थित फ़ते शाह मार्केट सहित अन्य वक्फ संपत्तियों का निरीक्षण कर रही है।

## वक्फसंपत्तियों पर कार्रवाई

वहीं बीते दिनों छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज का बड़ा बयान सामने आया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि, प्रदेश के किसी भी मस्जिद या दरगाह में वक्फ बिल के विरोध में चर्चा होगी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुतवली या पदाधिकारी मस्जिद में किसी प्रकार की वक्फ बिल को लेकर चर्चा नहीं करेंगे। वहीं आगे उन्होंने कहा कि, वक्फबोर्ड की तरह सनातन बोर्ड भी बनना चाहिए।

## पीएम मोदी को लिखूंगा पत्र : सलीम राज

संसद में नया वक्फ बिल पारित होने को लेकर छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने कहा– वक्फ बोर्ड की तरह सनातन बोर्ड भी बनना चाहिए। सनातन बोर्ड बनाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखूंगा। सनातन बोर्ड बनने से जो मठो की जमीन है जिनका बंदर बाट किया जाता है उस पर भी अंकुश लगेगा।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444